दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। गुरुवार 02 जनवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 14 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...
श्री जगदीश साधना
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
को करंट क्राइम परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Birthday

सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास
प्रशांत चौधरी
पूर्व विधायक एवं सदस्य प्रदेश कार्यसमिति

# जल्द ही दिखाई देगी भगवा जनप्रतिनिधियों की एकता वाली अदावत दस जनवरी को होनी है सभी की एक साथ दिल्ली में दावत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा गढ़ में बगावत, अदावत और दावत का सनी अक्सर रहता है। खास बात ये है कि बगावत की ये आग दावत की ये खुश्बू और अदावत की अदाएं केवल फूल वालों में ही दिखाई देती है। सियासत में और भी दल हैं, लेकिन कमल वालों की बात अलग है। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने अपने आवास पर सहभोज का आयोजन किया था और इस आयोजन के कई मायने थे। उसके बाद अतुल गर्ग ने अपने आवास पर सहभोज आयोजित किया। हालांकि ये संयोग हो सकता है, लेकिन नरेंद्र कश्यप ने जब दावत दी तो कुछ समय बाद ही उनके यहां मंत्रालय वाली तख्ती लग गई थी, वो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हो गए थे।

### दावत का वेन्यू गाजियाबाद में नहीं बल्कि दिल्ली होगा

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों को दावत दे रहे हैं। दस जनवरी को ये दावत होगी। जो लोग अभी तक कविनगर वाले आवास पर खास तरीके से निमंत्रित किये जाते रहे हैं वो इस बार दावत स्थल का रूट समझने, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का नया पता अब दिल्ली का है और दिल्ली स्थित सांसद आवास पर ही वो ये दावत देने जा रहे हैं।

अतुल गर्ग भी अब सांसद हैं। दावत की बात करें तो यहां दिशा की बैठक में एक दशा वो भी थी जब विधायत सुनील शर्मा के यहां भंडारा था और सारे जनप्रतिनिधियों पहुंचे थे। जब दावत की बात चलेगी और दिल्ली का जिक्र आयेगा तो यहां जनरल वीके सिंह का भी नाम आएगा। उन्होंने भी अपने सांसद कार्यकाला में दिल्ली स्थित आवास पर दावत की थी। ये तो रही बात दावत की और अब बात अदावत की। भाजपा में लोकतंत्र हैं और ये लोकतंत्र की अदावत है। सियासी अरमान पूरे ना होने पर यहां घमासान हो जाता है। पार्षदी वाले टिकट ना मिले तो बगावत हो गए। कई योद्धा निर्दलीय लड़े और कई दूसरे दलों में जाकर लड़े।

चुनाव हो गया फिर से सुलह वाली अदावत हो गई। अब एक बार फिर से जब ये आवाज आ रही है कि भगवा गढ़ में पावर सेंटर के दो छोर विकसित हो रहे हैं तब से चचाओं का भी बाजार गर्म है और शब्दों के लहजे भी बता रहे हैं कि कहीं कुछ तो आग है जो ये धुंआ उठ रहा है। सूत्र बताते हैं कि भगवा गढ़ में एकता की अदावत जल्द ही दिखाई देने वाली है और नए साल में एक नया सीन ये देखने को मिलेगा जब भोजन वाली मेज पर भाजपा के जनप्रतिनिधि एक साथ होंगे। सूत्र बताते हैं कि दस जनवरी को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ये दावत दे रहे हैं। अतुल गर्ग पहले से ही मेजबानी के शौकीन हैं। मेहमान नवाजी के शौकीन हैं और खाना खिलाना उन्हें बेहद पसंद है। लिहाजा अब दस जनवरी को भाजपा के जनप्रतिनिधि एक साथ भोजन की मेज पर नजर आएंगे। ये सहभोज का आयोजन लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की तरफ से किया गया है। दस जनवरी को ये दावत होगी।

### जिनका नहीं लेते वो जुबां से नाम, उन्हें भी भेजेंगे क्या दावत ए पैगाम

शब्द मैजेशियन अतुल गर्ग के अपने ही अंदाज हैं। वो शब्दों से सामने वालों को कायल भी कर देते हैं और शब्दों से सामने को घायल भी कर देते हैं। हाल ही में अतुल गर्ग ने किसी संदर्भ में जनप्रतिनिधियों का नाम लिया लेकिन वो एक नाम को स्किप कर गये थे। अब जब गाजियाबाद के सांसद दिल्ली में दावत दे रहे हैं तो उन दो भगवा जनप्रतिनिधियों पर सबकी नजर रहेगी। जिन्हें आमतौर पर सांसद अपने अंदाज में नजरअंदाज कर देते हैं। सियासत वाले इस बात पर नजर रखे हुए हैं कि जब सांसद की ओर से जनप्रतिनिधियों को दावत ए पैगाम भेजा जाएगा तो क्या सांसद वाली लिस्ट में इन दो जनप्रतिनिधियों का भी नाम आएगा। बड़ी बात ये भी है कि अगर सांसद की ओर से पैगाम भेज भी दिया गया क्या इनमें से कोई चेहरा दिल्ली में सांसद आवास पर नजर आएगा।

# कांग्रेस का जय-बापू, जय-भीम, जय-संविधान अभियान 3 जनवरी से, देशभर में निकाली जाएंगी रैलियां

## 26 जनवरी को अंबेडकर की जन्मस्थली में समापन होगा

**नई दिल्ली।** 3 जनवरी से शुरू होने वाले इस अभियान में राहुल गांधी और मल्लिकर्जुन खड़गे समेत देशभर के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

कांग्रेस 3 जनवरी से देश भर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू करेगी। अभियान का समापन 26 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली मध्य प्रदेश के महू में होगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महात्मा गांधी की विरासत और संविधान को बचाने के लिए हर ब्लॉक, जिले और राज्य में रैलियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो अभियान 26 जनवरी के बाद भी जारी रहेगा। अप्रैल 2025 में गुजरात में का सेशन आयोजित किया जाएगा।

अभियान 27 दिसंबर को शुरू होना था कर्नाटक के बेलगावी में 26 दिसंबर को हुए कांग्रेस के अधिवेशन में अभियान को 27 दिसंबर से शुरू करने का फैसला लिया गया था। लेकिन 26 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया, जिसके बाद 7 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी गई थी। इसलिए अभियान को आगे बढ़ा दिया गया था।

व सत्याग्रह बैठक
A SATYAGRAHA BAITH
THURS 26TH DEC

बेलगावी अधिवेशन में अभियान शुरू करने का फैसला कांग्रेस के 39वें अधिवेशन के 100 साल पूरे होने पर दो दिवसीय अधिवेशन (26 और 27 दिसंबर) होना था। हालांकि, पूर्व पीएम सिंह के निधन के बाद अधिवेशन रद्द कर दिया था। पहले दिन 26 जनवरी से एक साल तक चलने वाली 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' शुरू करने का फैसला लिया गया था।

बैठक के पहले दिन मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने स्पीच दी थी। सोनिया गांधी अधिवेशन में शामिल नहीं हुईं, लेकिन उन्होंने पत्र के जरिए कार्यकताओं को संबोधित किया था। अधिवेशन में 300 से ज्यादा नेता मंथन के लिए पहुंचे थे।

बैठक के बाद पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा था, 'हमारा मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने कांग्रेस को संजीवनी दी थी। इससे कांग्रेस की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया था।

# फाइनल हो गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 5 जनवरी वाला कार्यक्रम

अब दिल्ली से मेरठ तक चलेगी देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन
GHAZIABAD

## नमो भारत ट्रेन में साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक करेंगे सफर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन नमो भारत अब दिल्ली से मेरठ तक संचालित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जनवरी को साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन से ट्रेन में सफर करेंगे और दिल्ली के न्यू अशोक नगर तक जाएंगे। इसके बाद यह सेवा दिल्ली से मेरठ के बीच शुरू हो जाएगी।

वर्तमान में यह मेरठ, दुहाई, मोदीनगर, मुरादनगर और ट्रांस हिंडन एरिया को टच कर रही है। इसके दिल्ली से संचालित होने तक हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। बीते दिनों 29 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी का यहां कार्यक्रम होना था लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की वजह से राष्ट्रीय शोक घोषित कर दिया गया था। जिस वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया था। गाजियाबाद की पुलिस-प्रशासन के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पांच जनवरी को होने वाले नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद से दिल्ली तक संचालन के उद्घाटन कार्यक्रम को हरी झंडी मिल गई है। जल्द ही एसपीजी और प्रधानमंत्री कार्यालय की सुरक्षा टीम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट फाइनल करेंगी।

### गाजियाबाद में रहेगा लगभग एक घंटे का पीएम कार्यक्रम

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 5 जनवरी को लगभग एक घंटे का कार्यक्रम गाजियाबाद कमिश्नरेट के अंतर्गत रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंडन एयरबेस में उतरेंगे, वहां से उन्हें सड़क मार्ग के जरिए साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन पर ट्रेन में सवार किया जाएगा। वह स्वागत करते हुए न्यू अशोक नगर आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पहुंचेंगे। इसके बाद वहां एक कार्यक्रम में भाग लेंगे और फिर नमो भारत जो देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन है, इसका सफर दिल्ली से मेरठ तक के लिए संचालित हो जाएगा।

### आनंद विहार संचालन से ब्लू और पिंक लाइन भी होगी नमो भारत से कनेक्ट

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट नमो भारत ट्रेन को पहले रेड लाइन से कनेक्ट किया गया है। अब जल्द ही यह मेट्रो की ब्लू और पिंक लाइन से भी जुड़ जाएगी। आरटीएस कॉरिडोर के अशोक विहार से मेट्रो पड़कर लोग नोएडा में कहीं पर भी जा सकेंगे। वहीं नमो भारत फिलहाल रेड लाइन से कनेक्ट है, आनंद विहार में यह ब्लू और पिंक लाइन से भी जुड़ जाएगी, जिसका लाखों यात्रियों को आराम और लाभ मिलेगा। साथ ही उनका समय कम लगेगा, यह सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के रूप में उनका लाभ पहुंचाने का काम करेगी।

### जल्द बनेगी पीएम का स्वागत करने वालों की लिस्ट

करंट क्राइम : खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 जनवरी को कार्यक्रम के लिए जल्द ही स्वागत करने वाले भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की लिस्ट तैयार की जाएगी। जिन प्रतिनिधियों की लिस्ट बनेगी और एसपीजी से सुरक्षा अनुमति मिलेगी, उनको प्रधानमंत्री का स्वागत और मुलाकात करने का मौका मिलेगा। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम लगभग 1 घंटे का है। वह हिंडन से साहिबाबाद जाएंगे और फिर दिल्ली होते हुए अपने आवास को निकल जाएंगे।

# नवनिर्वाचित पार्षदों को महापौर सुनीता दयाल ने दिलाई शपथ

## नवनिर्वाचित पार्षद रंजीता कल्याणी एवं रीमा गौतम ने ली सत्यनिष्ठा और कर्तव्यों की शपथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के पत्र के अनुसार उपचुनाव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाने हेतु महापौर सुनीता दयाल को प्रेषित पत्र के अनुसार आज दिनांक 01.01.2025 को दोपहर 1 बजे महापौर कक्ष में वार्ड 21 की नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती रीमा गौतम एवं वार्ड 19 की नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती रंजीता कल्याणी को मा. महापौर ने शपथ ग्रहण कराई।

वार्ड 19 एवं वार्ड 21 के पार्षदगणों की आकस्मिक निधन के कारण निर्वाचन आयोग ने दोनों वार्डो में उपचुनाव कराया था जिसमे वार्ड 19 से भाजपा उम्मीदवार रंजीता कल्याणी और वार्ड 21 से निर्दलीय उम्मीदवार रीमा गौतम चुनाव में विजयी घोषित हुए और आज दोनों पार्षदो को महापौर सुनीता दयाल ने सत्यनिष्ठा और कर्तव्यों के पालन की शपथ ग्रहण कराई है।

### महापौर ने वार्ड को सुंदर, विकसित और जनता के बीच रहने का दिया मूल मंत्र

महापौर एवं नगर आयुक्त ने शपथ के उपरांत दोनों नवनिर्वाचित पार्षदो को बुक्के देकर स्वागत किया। महापौर द्वारा पार्षदो को बताया गया कि पूर्व में कई अहम बैठक की गई जिसमें आप उपस्थित नही हो सके इस लिए आप सर्व प्रथम अपने वार्ड में सभी लोगो से व्यक्तिगत मिलते रहें, उनके बीच मे रहें और स्वच्छता के लिए वार्ड की जनता को जागरूक करें, वार्ड में कूड़ा सेग्रीगेट( गीला कूड़ा अलग सूखा कूड़ा अलग)कराए, यह लक्ष्य लेकर वार्ड/शहर को सुंदर शहर बनाए। और अपने अपने वार्डो में विकास कार्य को प्राथमिकता दे।

# छह सरकारी कृपा वाले पदों पर आने जा रहा है भगवाधारियों के नाम पैगाम

## चर्चा में है रेसलर से लेकर मिस्टर कूल का नाम

**सूत्र बताते हैं कि जल्द ही नंबर आने वाला है। अगर सूत्रों की मानें तो जल्द ही सरकारी कृपा वाला पैगाम भगवाधारियों के नाम आने वाला है। छह सरकारी पदों पर भाजपा के नेताओं पर कृपा होने वाली है। सूत्र बताते हैं कि कृपा का ये संयोग किसी आयोग के रूप में भी आ सकता है।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 2022 में सरकार बनी थी और तब से भाजपा के कई चेहरों की ये ख्वाहिश थी कि वो पार्ट ऑफ सरकार बनें। उन पर भी सरकार की नजरें इनायत हो। इस बीच कई आयोग की लिस्ट आईं लेकिन गाजियाबाद का नाम कहीं नहीं आया। फिर एक लिस्ट आई लेकिन उसमें भी गाजियाबाद का कोई नाम नहीं था। इसी बीच ये चर्चा चली थी कि नामित पार्षदों वाली सूची आने वाली है। वहीं कुछ चेहरे जीडीए बोर्ड सदस्य वाली सूची का भी इंतजार कर रहे हैं। पदों की ख्वाहिश में दो साल निकल गए और तीसरा साल शुरू हो गया। भाजपाई इंतजार कर रहे हैं कि मेरा नंबर कब आएगा। सूत्र बताते हैं कि जल्द ही नंबर आने वाला है। अगर सूत्रों की मानें तो जल्द ही सरकारी कृपा वाला पैगाम भगवाधारियों के नाम आने वाला है। छह सरकारी पदों पर भाजपा के नेताओं पर कृपा होने वाली है। सूत्र बताते हैं कि कृपा का ये संयोग किसी आयोग के रूप में भी आ सकता है। किसी महत्वपूर्ण समिति के सदस्य के रूप में आ सकता है। जिन छह नामों पर मुहर लगी है उनमें रेसलर से लेकर मिस्टर कूल का नाम बताया जाता है। सूत्र बताते हैं कि लिस्ट फाइनल हो चुकी है और फाइल पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं। यहां से 20 नाम शॉटलिस्ट कर भेजे गए थे और लखनऊ में छह नामों पर मुहर लगी है। छह नाम फाइनल हो गए हैं और यहां तक बताया जा रहा है कि फाइल पर हस्ताक्षर भी हो गए हैं अब केवल घोषणा की देर है। छह भजापाइयों पर सरकारी कृपा होने जा रही है। जो 20 नाम यहां से गए थे उसमें से 14 नाम आउट हो गए हैं और छह नाम फाइनल हुए हैं।

# वुडहिल डायरेक्टर और दैनिक करंट क्राइम के संरक्षक विवेक भाटी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वुडहिल कंपनी के डायरेक्टर तथा दैनिक करंट क्राइम के संरक्षक विवेक भाटी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने विवेक भाटी को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। उनके शुभचिंतकों मित्रों तथा समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी।

# लोहा विक्रेता मंडल ने किया नव वर्ष पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

गाजियाबाद लोहा विक्रेता मण्डल (रजि.)
हास्य कवि सम्मेलन
में आप सभी का स्वागत है।
आमंत्रित सम्मानित अतिथिगण

आप सभी को नववर्ष 2025 मंगल

आप सभी को नववर्ष 2025
गाजियाबाद लोहा विक्रेता मण्डल

आप सभी को नववर्ष 2025

आप सभी को नववर्ष 2025 मंगल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोहा विक्रेता मंडल ने नव वर्ष पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर ख्याति प्राप्त हास्य कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाया।

# नए साल पर गाजियाबाद में मल्टी लेवल कार पार्किंग की हुई शुरूआत

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नए साल पर गाजियाबाद नगर निगम ने मल्टीलेवल कार पार्किंग की शुरूआत की है। मौके पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी अधिकारियों के साथ मिलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया साथ ही वहां की सुविधाओं के बारे में भी उपस्थित जनों को अवगत कराया गया।

पहले दिन नए साल पर मल्टी लेवल कार पार्किंग में 35 से 40 यूजर ने उठाया लाभ : 35 से 40 वहां पहले दिन मल्टी लेवल कार पार्किंग में पार्क हुए, शहर वासियों को नगर आयुक्त द्वारा नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ-साथ मल्टीलेवल पार्किंग की शुरूआत को लेकर भी शुभकामनाएं दी गई।

नगर आयुक्त ने मल्टी लेवल कार पार्किंग पर यूजर से की बात, लिया फीड बैक : मौके पर नगर आयुक्त द्वारा यूजर से भी वार्ता की गई जिसके द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की कार पार्किंग समस्या के समाधान को लेकर प्रशंसा की गई।

प्रभारी पार्किंग डॉक्टर संजीव द्वारा बताया गया शहर की पहली मल्टी लेवल कार पार्किंग की शुरूआत हो गई है। नगर आयुक्त के नेतृत्व में सभी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए मल्टीलेवल पार्किंग को सुनील गर्ग एंड कंपनी को दिया गया है जिनके द्वारा 1 वर्ष का 36 लाख 42 हजार पार्किंग की धनराशि जमा की जा चुकी है।

### मल्टी लेवल कार पार्किंग शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में होगी लाभदायक, 20 चार्जिंग स्टेशन की सुविधा भी उपलब्ध : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। शहर की पहली मल्टीलेवल कार पार्किंग में 20 चार्जिंग स्टेशन भी लगाए गए हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल यूजर को लाभ मिलेगा। गाजियाबाद में आगमन से पूर्व कार पार्किंग की व्यवस्था को पहले से ही ऑनलाइन जानकारी यूजर ले सकते हैं। कैश के अलावा ऑनलाइन तथा फास्ट टैग की सुविधा भी भुगतान हेतु रखी गई है। पार्किंग के स्पेस को लेवल के क्रम में देखने के लिए उपकरण भी लगाए गए हैं। लिफ्ट की सुविधा, महिला पुरुष शौचालय की भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मल्टी लेवल कार पार्किंग में दी हुई है।

### व्हीलर शुल्क के लिए लिस्ट जारी की गई

करंट क्राइम। फोर व्हीलर के लिए 25 रुपये तीन घंटे के लिए, 12 घंटे के लिए 100 रुपये, दिन में तथा रात्रि में 200 रुपये शुल्क निर्धारित किए गए हैं, इसके अलावा टू व्हीलर हेतु 10 रुपये तीन घंटे के लिए 50 रुपये, 12 घंटे के लिए निर्धारित किए गए हैं। साइकिल के लिए 5 रुपये, 4 घंटे के लिए। 20 रुपये 12 घंटे के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा महीने का पार्किंग पास बनाने की सुविधा भी दी गई है जिसमें चार पहिए वाली गाड़ी हेतु 1500 रुपये 12 घंटे दिन के लिए तथा रात्रि के लिए 1750 रुपए 12 घंटे के लिए निर्धारित किए गए हैं। दुपहिया वाहन हेतु 600 रुपये 12 घंटे के लिए दिन में 700 रुपये 12 घंटे के लिए रात्रि में निर्धारित किए गए हैं।

# गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण ने किया नववर्ष समारोह और बैठक आयोजित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपाध्यक्ष ने नववर्ष के शुभ अवसर पर एक विशेष बैठक और समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन जी. डी. ए. मुख्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों ने भाग लिया।वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा उनके विचार प्रस्तुत करने हेतु उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आमंत्रित किया, जिसके क्रम मे सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किये जिसमे से प्रमुख प्रकरणो को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा संकलित किया गया। बैठक के दौरान, उपाध्यक्ष महोदय ने वर्ष 2024 में प्राधिकरण द्वारा किए गए कार्यो से सीखते हुए आगामी वर्ष 2025 के लिए योजनाओं और प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि गाज़ियाबाद शहर को और अधिक विकसित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। बैठक के बाद नववर्ष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर प्राधिकरण की सफलताओं और आगामी योजनाओं के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और आने वाले वर्ष में और अधिक मेहनत और समर्पण के साथ काम करने का आह्वान किया।

गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण
हरनन्दीपुरम
(प्रस्तावित योजना)
जी.डी.ए. कार्या

# 43वीं जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 43वीं जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 29 दिसंबर 2024 तक हावड़ा पश्चिम बंगाल में किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश की बालक वर्ग की टीम ने राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश ने क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र को 21-16, 21 -13 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम ने हरियाणा को 21-10, 21- 15 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया तथा फाइनल मैच में मध्य प्रदेश को 21-15, 21-17 से हराकर खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को 21-10,21-19 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन सेमीफाइनल में उसे राजस्थान से 23-21,15- 21, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा और चौथा स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल,शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अंजुल अग्रवाल, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री अजय पाल प्रमुख, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जीतराज तोमर, चौधरी धर्मपाल सिंह, श्री मदनपाल सिरोही,श्री रविंद्र तोमर, डा.रूपा रानी त्यागी, श्री अरविंद चौधरी ने उत्तर प्रदेश की शानदार सफलता पर टीम को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

भारत का पहला
Air Cooler ISI Mark
प्राप्त करने वाला ब्रांड
Proud to be
India's First
license of Air Cooler
as per IS 3315:2024
India's Largest Air Cooler Manufacturing Company
www.summercoolindia.com
Online review 4.5 out of 5

नई दिल्ली। गुरुवार 02 जनवरी -2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# चांदमारी की अवैध झुग्गियों में चल रहे अवैध कामों को नेस्तनाबूद करने की शहर विधायक ने की है पहल

## शहर विधायक संजीव शर्मा ने की राजनाथ सिंह से मुलाकात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक बनने के बाद संजीव शर्मा जहां क्षेत्र की जनता से लगातार जनसंपर्क बनाए हुए हैं वहीं वो लाइनपार क्षेत्र की समस्याओं को भी उठा रहे हैं। संजीव शर्मा ने लाइनपार क्षेत्र की उस समस्या को उठाया है जिससे लाइनपार क्षेत्र के लोग प्रभावित हैं। ये समस्या चांदमारी की जमीन पर बनी अवैध झुग्गी-बस्ती की है। एक लंबे समय से यहां सेना की इस जमीन पर अवैध तथ्यो ने कब्जा किया हुआ है। कई बार की कोशिशों के बाद भी इन्हें यहां से हटाया नहीं जा सका है। इसकी बड़ी वजह यहां जमीन का स्वामित्व और राज्य सरकार का मामला आता है। दरअसल ये जमीन सेना की है और सेना को ही खाली कराना है। पुलिस यहां समय-समय पर कार्रवाई करती है। जबकि समस्या का निदान तभी संभव है जब ये अवैध झुग्गियां यहां से हटाई जाएगी। शहर विधायक बनने के बाद संजीव शर्मा ने इस दिशा में पहल की है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनके सामने ये विषय रखा। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत के दौरान शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि यह केवल अवैध झुग्गी बस्ती का नहीं बल्कि लाइनपार क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुरक्षा से भी जुड़ा मामला है। उन्हें इस बात की सूचना है कि यहां अवैध गतिविधियां संचालित होती हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि अवैध झुग्गी-बस्ती में रोहिंग्याओं की मौजूदगी से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह केवल सेना और सिविलियन का नहीं बल्कि यह क्षेत्र की रक्षा और संप्रभुता से जुड़ा मामला है। मैंने इस संबंध में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक पत्र सौंपा है। जिसमें यह अनुरोध किया गया है कि यदि सेना इस जमीन को लेकर ठोस कदम उठाए तो यहां से असमाजिक तत्वों को हटाया जा सकता है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। यह विजयनगर की जनता की सुरक्षा का मामला है और मैं अपने क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही इस जमीन को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराया जाएगा।

## साल के पहले दिन मंदिरों और मॉल में रही भीड़

# दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में लगी भक्तों की लंबी कतारें

### मंदिरों पर तैनात रहा पुलिस बल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को साल का पहला दिन रहा और साल के पहले दिन लोगों ने मंदिरों, शिवालयों और गाजियाबाद के प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना की और साल शुभ और लाभदायक रहे इसकी कामना की। वहीं बाजारों, मॉल और रेस्टोरेंट में भी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने साल के पहले दिन को जश्न के रूप में मनाया। तो वहीं युवाओं और अन्य लोगों में भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन की लहर देखी गई।

## दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों द्वारा मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। इसका नजारा बुधवार को भी देखने को मिला है। दूधेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गई थी। तो सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की मौजूदगी भी देखने को मिली है। एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिर पर भीड़ थी। इस वजह से पुलिसकर्मियों को लगाया गया था।

# नए साल पर पुलिस की चेकिंग व्यवस्था रही हाई, 1831 वाहनों की हुई जांच

### 629 वाहन चालकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत साल के अंतिम दिन और पहले दिन पुलिस का सड़कों से लेकर बाजारों, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और प्रमुख स्थानों पर कड़ा पहरा रहा। पुलिस कमिश्नर के निर्देशों पर 31 दिसंबर की रात 2 बजे तक पुलिस अलग-अलग थानाक्षेत्रों में सड़कों पर रही। इस दौरान बीते 24 घंटे में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन में कुल 2682 व्यक्तियों की जांच की गई। तो इस दौरान पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की गई। इस जांच के दौरान 1831 वाहनों को भी पुलिस ने जांचने का काम किया। तो वहीं वाहन चेकिंग करते हुए 629 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं नियमों के उल्लंघन करने वाले पांच वाहनों को सीज करते हुए उनको जप्त कर लिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस ने ब्रीथ एनालाइजर लगाकर चालान किए हैं। इसके साथ ही कई लोगों पर शांति व्यवस्था भंग करने की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

### रात एक से पहले बंद कराए गए डीजे और डांस क्लब

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत पुलिस ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को सख्ती रखने का काम किया गया। इसी का नतीजा था कि कौशांबी और इंदिरापुरम क्षेत्र के कई लाइट क्लबों में पुलिस पहुंची। तो वहां लोगों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान पुलिस ने कई थानाक्षेत्रों में 12 :30 बजे के बाद डीजे और न्यू ईयर पार्टी को संचालित नहीं होने दिया। कौशांबी थानाक्षेत्र के एक क्लब में पुलिस पहुंची और लोगों को बाहर निकलने का काम किया गया। तो वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वालों से भी पुलिस ने सख्ती की। इस दौरान 100 से अधिक लोगों के चालान भी किए गए हैं।

### बैरियर लगाकर की गई चेकिंग सड़कों पर रहे अधिकारी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में साल के अंतिम दिन और पहले दिन पुलिस के अधिकारी सड़कों पर रहे। जगह-जगह बैरियर लगाकर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। तो वही कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था कायम करने के लिए एलिवेटेड रोड से लेकर आरडीसी और कौशांबी से लेकर साहिबाबाद और मोहन नगर इलाके में भी पुलिस पैदल गश्त और चेकिंग अभियान करती हुई देखी गई है। इसके साथ ही सिटी में नेहरू नगर, सिहानी गेट और चौधरी मोड़ पर भी पुलिस ने रात को बैरियर लगाकर चेकिंग अभियान जारी रखा गया।

### यातायात पुलिस ने किए 115 वाहन चालकों के चालान

करंट क्राइम : नए वर्ष की पूर्व संध्या और नए वर्ष के पहले दिन शराब पीकर वाहन चलाने वाले और नियम तोड़ने वाले 115 वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस कमिश्नरेट द्वारा कार्रवाई की गई है। उनके चालान किए गए हैं, इसके साथ ही कई वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है। वहीं यातायात पुलिस द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए कोहरे में सड़क हादसे कमी हो और लोगों की जान बचे इसके लिए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट हर हाल में लगाने और सीट बेल्ट कर चालकों को लगाने का आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जनपदों में यातायात सुरक्षा को लेकर अभियान चलाने के निर्देश भी जारी किए हैं।

# नीति आयोग का अध्यक्ष बताकर दसवीं पास अनस मलिक लेता था सरकारी प्रोटोकॉल, पुलिस ने पहुंचाया हवालात

### - कवि नगर पुलिस की जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

### - फर्जी आयोग वाले अध्यक्ष के साथ चलता था अर्दली और रहती थी भारत सरकार लिखी कार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर पुलिस ने जांच करते हुए कैसे आरोपी को हिरासत में लिया जो खुद को नीति आयोग का अध्यक्ष बताता था और मानव अधिकार न्याय आयोग व नीति आयोग उत्तर प्रदेश का फर्जी मोहर, लेटरपैड, स्टाफ कार चालक, निजी सचिव का प्रोटोकॉल बनाकर भौकाल टाइट करता था। इससे पहले यह गजरौला और गौतमबुद्धनगर, अमरोहा में इसी तरह से फर्जी प्रोटोकॉल लेकर अपना रुतबा जमा चुका है। क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार किए गए अनस मलिक के बारे में जब पुलिस के अधिकारियों को मालूम चला तो वह भी दंग रह गए। दसवीं पास और पहले फॉर सीलिंग का काम करने वाला अनस इतने शातिर अंदाज से खुद को वीआईपी ट्रीटमेंट के बीच रखता था कि कोई उसे पहचान नहीं पता था। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इसमें कई लोगों से नौकरी लगवाने और पुलिस में भर्ती करने के नाम पर भी रकम वसूली है। पुलिस उसकी जांच कर रही है। साल के पहले दिन बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद और क्राइम ब्रांच स्वाट टीम प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी व चिरंजीव विहार चौकी प्रभारी विकास में आरोपी का खुलासा किया है।

### अर्दली की गाड़ी में मिली है ड्रेस और कार के नंबर प्लेट पर लगा था भारत सरकार का बोर्ड

करंट क्राइम : बीते दिनों जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद से अनस मालिक द्वारा अध्यक्ष मानव अधिकार न्याय आयोग उत्तर प्रदेश कार्यालय गोमती नगर लखनऊ का पता और अपना प्रोटोकॉल बात कर सुरक्षा मांगी गई थी। इस मामले पर जिलाधिकारी ने पुलिस कमिश्नर के यहां फाइल भेजी। फाइल की जांच कवि नगर पुलिस ने की तो अनस के काले कारनामों का खुलासा होना शुरू हो गया। पता चला कि अनस के नाम पर ना तो कोई प्रोटोकॉल है, ना उसे कोई गाड़ी अलॉट है और ना किसी प्रकार की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। पुलिस के मामले की जांच की और क्राइम ब्रांच की टीम ने तफ्तीश की तो इसके पास से एक अर्टिगा गाड़ी उसमें लैटर पैड, सरकारी अर्दली का साफा, दो एडमिट कार्ड व अन्य कई सामान बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी जांच पड़ताल कर रही है।

### भौकाल जमाने और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए लिया था रिस्क

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अनस मलिक ने अपना भौकाल जमाने और सोशल मीडिया के अपने अकाउंट पर फॉलोवर्स की संख्या बढ़ाने के लिए यह है पूरा षड्यंत्र रचा था। अनस की उम्र 25 साल है और वह मूलरूप से मुरादाबाद जनपद का रहने वाला है। मात्र दसवीं पास अनस बेहद शातिर दिमाग है और पहले यह फॉर सीलिंग का काम करता था। पुलिस का कहना है कि यह गजरौला और गौतमबुद्ध नगर में कई कार्यक्रमों में भाग ले चुका है और भौकाल वाली वीडियो रील बनाकर डालता था।

### जब पुलिस के सामने बोला अनस नहीं जानता कौन है नीति आयोग का अध्यक्ष

करंट क्राइम : पुलिस ने फर्जी प्रोटोकॉल लेकर रौब गालिब करने वाले अनस को जब गिरफ्तार किया और मीडिया के सामने लेकर आई तो पत्रकारों ने पूछा की नीति आयोग का अध्यक्ष कौन है, तो अनस कुछ बता नहीं पाया। साथ ही उसे यह भी नहीं पता था कि जो उसके पास दस्तावेज हैं वह पूरी तरीके से फर्जी हैं।

# गाजियाबाद में फिर तेंदुए की दस्तक, कमला नेहरू नगर केंद्रीय विद्यालय रोड पर दिखा

### -पुलिस-प्रशासन और वन विभाग की टीम को किया गया अलर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद जिले में एक बार फिर तेंदुए की दस्तक देखने को मिली है। बुधवार की रात कमला नेहरू नगर क्षेत्र से एक कॉलर ने पुलिस को सूचना दी कि उसने तेंदुआ देखा है। जिसके बाद पुलिस द्वारा प्रशासन और वन विभाग की टीम को सूचना कर दी गई है। इसके साथ ही आसपास के लोगों को हिदायत दी गई है कि वह अलर्ट रहे, तेंदुआ क्षेत्र में आया हुआ है। बता दें इससे पहले भी गाजियाबाद में कई बार तेंदुए की दहशत देखने को मिली है। कमला नेहरू नगर के निकट राजनगर सेक्टर-9, गाजियाबाद कचहरी, मसूरी के जंगलों के साथ ही मुरादनगर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के पास भी देखा गया था। वहीं दो साल पहले भोजपुर में नेशनल हाईवे पार करते वक्त एक तेंदुए की मौत हुई थी। बता दें कि बीते तीन सालों में गाजियाबाद में सर्दियों के समय अक्सर तेंदुए की दस्तक देखने को मिलती है।

**कमला नेहरू नगर, पीडब्ल्यूडी और सीबीआई रोड पर सैर करने वालों के लिए बड़ा खतरा :** कमला नेहरू नगर और केंद्रीय आवासीय परिसर सीपीडब्ल्यूडी, सीबीआई के निकट सुबह और शाम को बड़ी संख्या में लोग सैर के लिए निकलते हैं। पुलिस में सैर करने वाले लोगों को अलर्ट किया है कि वह सतर्क रहें। यहां तेंदुआ देखा गया है। वहीं वन विभाग की टीम को भी जानकारी दे दी गई है ताकि किसी प्रकार की जानकारी मिलने पर तेंदुए को कब्जे में करने के प्रयास किया जा सके। बता दें तेंदुए देखे जाने की सूचना एक पुलिसकर्मी द्वारा ही दी गई थी।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट

**दीपक भाटी**
**समाचार सम्पादक**

- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जीडीए बोर्ड सदस्य वाली लिस्ट में आने जा रहा है नदिया पार वाले पार्षद का नाम? उन्होंने काफी जय भी बोली है और उन पर दयालु हैं भगवान? कहने वाले ने कहा कि वो तो 4 महीने से कर रहे हैं लगातार इस बात का गुणगान? अब जब आयेगी जीडीए बोर्ड सदस्य वाली लिस्ट? तब पता चलेगा कि सब कुछ है ठीक या स्टोरी में आ गया है ट्विस्ट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अभी तो आप देख रहे हैं भगवा मंडल का ही सिफारिशी दंगल? अभी तो ताजपोशी की इस स्टोरी में आने हैं कई एंगल? अभी तो बाकी है मोर्चा वाला दंगल? मोर्चा में भी मंडल ओर मंडल के अध्यक्ष को लेकर होनी है जंग? आप देखते रहो किस मंडल में सबसे ज्यादा बरसेगा सिफारिश का रंग?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाईन पार के किस चेहरे ने खींच ली है खुद ही अपने लिए रेखा? कहने वाले ने कहा कि बहुत दिन से उन्हें किसी भी सियासी एक्टिविटी में नहीं देखा? कभी वो रहते थे पूरी तरह से एक्टिव? ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने कर लिया खुद को सक्रिय राजनीति से डी एक्टिव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीले महावतों में किस के पास आ गई है बर्थडे कलेक्शन की जिम्मेदारी? सुना है 2 महावतों ने कर दिया साफ इस बात का ऐलान? पार्टी के लिए पूरी तरह से है तन मन कुर्बान? मगर मंदी के दौर में हमसे धन की बात कतई मत करना श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों को नहीं याद रहा अपने पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल का नाम? नव वर्ष पर दे सकते थे कांग्रेसी एक श्रद्धांजलि वाला पैगाम? फिर क्यों लिया कांग्रेस वाले ने ही भैया का नाम? कहा चलो हम भूल गए पर जरा पता तो कर लो उनकी भी लोकेशन? अगर देना था संदेश तो उनका भी सीन नहीं होना चाहिए था ऐसे जैसे वेकेशन? शुरूआत तो घर से होती है और तभी याद भी रखती ओर सीखती है नई जनरेशन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के कौन से मंडल में मिलने जा रही है एक महिला चेहरे को मंडल की कमान? सुना है नदिया पार की इस महिला का फाइनल हो गया है नाम? क्या ये बात सही है कि ये महिला पहले भी संभाल चुकी हैं पार्षद के रूप में एक वार्ड की कमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर अध्यक्ष वाली जंग में क्या खत्म हो गया है दलित फैक्टर वाला रोल? सुना है बड़े दरबार में नहीं निकले इस समाज की अध्यक्ष वाली पैरोकारी में किसी नेता के बोल? फंस गया है मामला ओबीसी ओर जनरल के बीच? इस को लेकर दिन रहें हैं खींच? सुना है सिफारिश वाले सीन से कर लिया है किसी ने खुद को आउट ऑफ रीच ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सबसे बड़े बहुमत वाले सदन में नहीं चल रहा है सब कुछ ठीक? अफसर से लेकर बाबू तक जानते हैं यहां भगवा एकता चल रही है पूरी तरह वीक? कहने वाले ने कि उनके पास जानकारी है एकदम सटीक? जब होगी बैठक तब देखना किस की कमान से चलेगा किसके खिलाफ तीर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नामित वाली लिस्ट को लेकर नहीं है अभी 12 बीघे में कोई दाना? कहने वाले ने कहा नए प्रदेश मुखिया की ताजपोशी से पहले लिस्ट तो क्या एक नाम भी नहीं आना? बेकार में वो सुना रहे हैं दिल्ली में जाकर मन की हसरत का फसाना? कहने वाले ने कहा कि फरवरी में ही रखना इस लिस्ट की होप? सुना है यहां से भेजी सूची में 3 नाम हो जाएंगे लोप?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** साइकिल वालों के युवा लीडर्स ने सदस्यता वाले नोटिस को कितना किया कंसीडर? क्या चारों नेताओं ने रखा अपना पक्ष ओर कर दिया हर चीज को स्पष्ट? कहने वाले ने कहा कि तय होनी चाहिए सबकी जिम्मेदारी? साइकिल वालों के युवा नेताओं को बतानी चाहिए परिस्थितियां सारी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## संपादकीय

# कैसा रहा 2024!

इस अनौपचारिक रोजगार बाजार में कर्मचारी 15 वर्ष से अधिक आयु के भी हो सकते हैं। उन्हें 15,000 रुपए वेतन दिया जाता है। उनसे कहा जाता है कि 'तुम काम करो या न करो, तुम्हें 15000 रुपए मिलेंगे।' इस आंकड़े को दो या अधिक बार दोहराने का कारण यह है कि इससे युवा मन में यह विश्वास पैदा हो जाता है कि यह पैसा उनका है। इसके अलावा, उन्हें बताया जाता है कि यदि वे काम के लिए कहीं जाते हैं तो उन्हें यात्रा भत्ता दिया जाएगा और कंपनी बिना किसी पूछताछ के उनके भोजन और आवास का खर्च वहन करेगी। कंपनी में कोई भी उनके प्रदर्शन के बारे में नहीं पूछेगा। उन्हें छोटे-छोटे काम दिए जाते रहेंगे और यदि वे अपने काम पूरे कर लेते हैं तो उन्हें स्थायी कर दिया जाएगा। अन्यथा उन्हें हटा दिया जाएगा, अलबत्ता यह अब तक कभी नहीं हुआ। झारखंड का रहने वाला मनोज मंडल (35) इसी तरह काम करता है। वह बिहार के साहेबगंज जैसे ग्रामीण इलाकों में जाकर कम पढ़े-लिखे युवाओं की पहचान करता है, जिन्हें पैसों की जरूरत होती है, ताकि वे मोबाइल फोन, अच्छे कपड़े, जूते खरीद सकें और कुछ मनोरंजन का भी मजा ले सकें। इस तरह करण कुमार (19) और उसके 15 वर्षीय नाबालिग भाई को इस काम के लिए चुना गया। अच्छे कपड़ों के अलावा उन्हें कुछ हिंदी बोलने की ट्रेनिंग भी दी गई। कर्मचारी रोमांचित थे जबकि मालिक मनोज जानता था कि कर्मचारियों को इतना तैयार तो होना ही चाहिए कि यात्रा के दौरान सहयात्रियों को किसी तरह का शक न हो। फिर उन्हें आत्मरक्षा के बहाने अलग से हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती है और किसी के विरोध करने पर उनका इस्तेमाल करना सिखाया जाता है।

इस उम्र में ये सारी गतिविधियां उन्हें आकर्षित करती हैं। सभी स्तरों की ट्रेनिंग के बाद उन्हें गोरखपुर और आस-पास के जिलों- जैसे संत कबीर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर के रेलवे स्टेशनों पर ऑन-जॉब ट्रेनिंग के लिए ले जाया जाता है। वहां उन्हें व्यस्त बाजारों और रेलवे स्टेशनों से लोगों के मोबाइल फोन चुराने के लिए कहा जाता है। चुराए गए फोन को एक गिरोह को सौंप दिया जाता है, जो उन्हें सीमा पार बांग्लादेश और नेपाल भेज देता है। इससे चोरी गए फोन को ट्रैक करने और गिरोह के पकड़े जाने की संभावना कम हो जाती है। इस आत्मविश्वासी गिरोह को पिछले शुक्रवार को गोरखपुर जीआरपी के एसपी संदीप कुमार मीना ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद धर पकड़ा। जीआरपी ने उनसे 10 लाख रुपए के 44 एंड्रॉइड फोन, एक तमंचा और एक चाकू बरामद किया। अगर कोई युवाओं के इतनी छोटी उम्र में अपराध करने की वजह देखे तो वो पाएगा कि मुखिया (इस मामले में सरगना मनोज) हर बात को पूरे भरोसे के साथ बता रहा था।

फंडा यह है कि 2024 कैसा रहा, इस पर चिंता न करें। अभी यह सुनिश्चित करने का समय है कि 2025 में हम जो कुछ करेंगे, उसमें 100% आत्मविश्वास हो और 1 प्रतिशत भी ह्ययदिद्ध और ह्यलेकिनद्ध न हो यानी संघर्ष न हो। यही यह तय करने का एकमात्र तरीका है कि अगली पीढ़ी आत्मविश्वास के साथ सकारात्मकता को अपनाए।

# नए साल पर किसानों को मोदी सरकार का तोहफा डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का ऐलान

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन मोदी सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का एलान किया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि डीएपी उर्वरक के लिए 3,850 करोड़ रुपये तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को कैबिनेट की मंजूरी दे दी है। सरकार ने किसानों को सस्ती दर पर डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को 3,850 करोड़ रुपये तक बढ़ाने का बुधवार को फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस फैसले से किसानों को डीएपी की 50 किलो वजन की एक बोरी 1,350 करोड़ रुपये में मिल सकेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीसीईए की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को जनवरी-दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने कहा कि सरकार के इस कदम का उद्देश्य किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

मंत्रिमंडल ने किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 01.01.2025 से 31.12.2025 तक की अवधि के लिए एनबीएस सब्सिडी से परे डाय-अमोनियम फॉस्फेट पर एकमुश्त विशेष पैकेज को मंजूरी दी है। इसके तहत किसानों को डीएपी का 50 किलोग्राम का बैग 1,350 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। पीएम फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को कैबिनेट ने 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। 2021-22 से 2025-26 तक योजना पर 69,515.71 करोड़ का कुल व्यय होगा।

कैबिनेट ने नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए फंड के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है। 824.77 करोड़ प्रोफाइल फंड का उपयोग योजना के तहत तकनीकी पहलों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

# जीएसटी संग्रह दिसंबर में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये पर, सरकारी आंकड़े जारी

**नई दिल्ली।** कुल सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व दिसंबर में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.65 लाख करोड़ रुपये था। केंद्रीय जीएसटी संग्रह 32,836 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 40,499 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 47,783 करोड़ रुपये और उपकर 11,471 करोड़ रुपये रहा। बुधवार को सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। कुल सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व दिसंबर में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.65 लाख करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन महीने के दौरान घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 8.4 प्रतिशत बढ़कर 1.32 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात पर कर से राजस्व लगभग 4 प्रतिशत बढ़कर 44,268 करोड़ रुपये हो गया। नवंबर में जीएसटी संग्रह 8.5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 1.82 लाख करोड़ रुपये रहा। अब तक का सर्वाधिक संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस महीने के दौरान 22,490 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजित करने के बाद, शुद्ध जीएसटी संग्रह 3.3 प्रतिशत बढ़कर 1.54 लाख करोड़ रुपये हो गया।

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
पुलिस नामा
गौरव शशि नारायण
क्राइम रिपोर्टर

# टाई से लैस नजर आएंगे अधिकारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अधिकारियों की सर्दी वाली नई जैकेट आ गई है। तो अब गाजियाबाद के गजेटेड अधिकारी पुलिस महकमे में आई नई मोंटी कार्लो वाली जैकेट में नजर आएंगे। वहीं विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुछ ही दिन में पुलिस के गजेटेड अधिकारियों की जैकेट के नीचे टाई भी नजर आएगी। उनको जेंटलमैन लुक देने और आधिकारिक स्टाइल दशार्ने के लिए अब इसे अनिवार्य किया गया है। बताया जा रहा है कि इसके लिए बाकायदा लखनऊ वाले साहब ने आदेश दिया है। जिसे धीरे-धीरे जिले और कमिश्नरेट में लागू कर दिया जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि यह आदेश आने के बाद गाजियाबाद के गजेटेड अधिकारियों ने टाई के लिए आर्डर देना शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि तीन से चार दिन में कई अधिकारियों की गर्दन पर वह ऑफिसर स्टाइल वाली टाई नजर आएगी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद और यूपी पुलिस के अधिकारियों का अब जेंटलमैन लुक सभी को देखने को मिलेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों लाइन में नई वाली जैकेट आ गई थीं। जिसके बाद उसे अधिकारियों ने लेना शुरू कर दिया है। जैकेट की कीमत 2599 रखी गई है, जिसे अधिकारी खरीद रहे हैं। सूत्रों ने बताया है कि उधर प्रधानमंत्री का 5 जनवरी को जो कार्यक्रम है, उसमें भी पुलिस के अधिकारी गुड लुकिंग और हैंडसम स्टाइल में नजर आएंगे। उसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जैसे पुलिस के सभी अधिकारी बेस्ट लुक वाला आई कार्ड पहनते हैं, उसी तरीके से अब उनका ड्रेसिंग सेंस भी बदला और स्टाइलिश लुक नजर आएगा। इस नए साल से और ज्यादा बेहतर बनाने का काम किया गया है। इसी कड़ी में लखनऊ से टाई वाला आदेश जारी कर दिया गया है। पहले पुलिस को जैकेट वाला लुक बदलने का फरमान आया था, जिसे अब अमल में लाया जा चुका है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही कई एसीपी स्तर के अधिकारियों को लेकर भी मंथन शुरू होने वाला है। बाहर से जो दो नए एसीपी आए थे, उनको लेकर स्थिति क्लियर हो गई है। सूत्र बता रहे हैं कि अभी तय नहीं है कि कौन क्या पाएगा।

# रोचक तथ्यों का करंट



- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय आनुवांशिक अध्ययन में पाया गया कि अंग्रेज वास्तव में फ्रेंच और जर्मन हैं और वेल्श असली ब्रिटान हैं।
- ऑक्सफोर्ड में 38 व्यक्तिगत कॉलेज और 5 निजी हॉल हैं।
- ऑक्सफोर्ड क्षमता विश्लेषण परीक्षा नामक एक 'व्यक्तित्व परीक्षण' है, जो वास्तव में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय या किसी अन्य ऑक्सफोर्ड से संबंधित कोई वैज्ञानिक रोग परीक्षण नहीं है।
- ऑक्सफोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि विश्वविद्यालय में 22,000 छात्र हैं, जिनमें से 11,772 पूर्वस्नातक छात्र हैं और 9.850 स्नातक छात्र हैं। 62% स्नातक छात्र ब्रिटेन से नहीं हैं।
- मेरे बहुत पसंदीदा मिस्टर बीन (रोवन एटकिन्सन) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गये थे। उन्होंने न्यूकैसल विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अपने मास्टर की डिग्री प्राप्त की थी। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की अपनी पुलिस बल था, जिसे साल 2003 तक समाप्त नहीं किया गया था।

# एयर इंडिया ने घरेलू उड़ान मार्गों पर लॉन्च की वाई-फाई सर्विस

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया घरेलू उड़ान मार्गों पर वाई-फाई सर्विस लॉन्च करने वाली विमान कंपनी बन गई है। यह जानकारी एयर इंडिया द्वारा बुधवार को दी गई। एयर इंडिया द्वारा बताया गया कि यात्री घरेलू मार्गों पर एयरबस ए350, बोइंग 787-9 और चुनिंदा एयरबस ए321 नियो विमानों में वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी सेवा का लाभ उठा सकते हैं। एयरलाइन ने कहा कि देश में एयर इंडिया इन-फ्लाइट वाई-फाई सर्विस देने वाली पहली एयरलाइन बन गई है। इससे यात्रियों को अपनी छुट्टी और बिजनेस ट्रैवल के दौरान हमेशा इंटरनेट से जुड़े रहने और ब्राउजिंग, सोशल मीडिया तक पहुंचने, काम के बारे में जानकारी प्राप्त करने या मित्रों और परिवार को संदेश भेजने में सुविधा होगी। एयर इंडिया के चीफ कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिसर, राजेश डोगरा ने कहा कि कनेक्टिविटी अब आधुनिक यात्रा का एक अभिन्न अंग बन गई है। कुछ लोगों के लिए, यह रियल टाइम में जानकारियां साझा करने की सुविधा और आराम के बारे में है, जबकि अन्य के लिए, यह अधिक उत्पादकता और दक्षता के बारे में है। उन्होंने आगे कहा कि चाहे किसी का उद्देश्य कुछ भी हो, हमें विश्वास है कि हमारे मेहमान वेब से जुड़ने के विकल्प की सराहना करेंगे और इन विमानों में एयर इंडिया के नए अनुभव का आनंद लेंगे।

# राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

# चुटकुले

मोलू- यार पता है, भारत में पत्नियां अपने पति को ही सब कुछ मानती हैं।
लेकिन एक चीज कभी नहीं मानती?
गोलू- क्या?
मनोज- कहना।

---

पति पत्नी से- मैंने आज अपना 50 लाख का बीमा करवाया है।
पत्नी- ये तो आपने बहुत अच्छा किया,
अब मुझे बार-बार ना करना पड़ेगा ना ही कहना पड़ेगा कि अपना ख्याल रखो।

---

एक शराबी सुबह सुबह एटीएम में गया
शराबी- एटीएम में पैसे हैं क्या ?
गार्ड- हां हैं।
शराबी- तो एटीएम से पैसे निकाल लूं क्या ?
गार्ड- हां निकाल लो
शराबी- लाओ पेंचकस ?
गार्ड बेहोश।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG
Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस । पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

02 01 2025 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



जगदीश साधना
(वरिष्ठ भाजपा नेता)

अमोघ हुड्डा

मेधांश

विनायक शिशौदिया

चौ. जयपाल सिंह

## सेलेब्रिटी जन्मदिन

लिजी
अभिनेत्री

अनीस खान

पवन कुमार झा

योगेश शर्मा



आबिद खान

अंकित त्यागी

आशु त्यागी

राजकुमार शर्मा

रंजीत सिंह

किशन स्वरूप

राहुल चौधरी

राजेश्वर प्रसाद

संजीव सिंह

शकील अहमद

हन्नान कुरैशी

लोकेश कुमार

विनोद सिंह

दीपक गौतम

कृष्ण चौधरी

पंकज त्यागी

संजीव चौधरी

शैंकी शर्मा

अभिषेक बैसोया

उमेश गर्ग



सुभाष पंडित

सुमित सोनकर

विनोद कुमार

सुरेंद्र शर्मा

दीपक कश्यप

हरेंद्र शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# भारतीय टीम ने की ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज से मुलाकात, सिडनी में खेला जाएगा पांचवां टेस्ट

**सिडनी ।** भारतीय टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। दोनों टीमों के पांच मैचों की टेस्ट सीरीज जारी है। बुधवार को रोहित शर्मा एंड कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। इसकी तस्वीरें पीएम ने खुद अपने एक्स हैंडल से साझा कीं।

भारतीय टीम के अलावा पीएम अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। बता दें कि, दोनों टीमों के बीच इस सीरीज का पांचवां मुकाबला शुक्रवार से सिडनी में खेला जाएगा। मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम पहले ही इस सीरीज में 1-2 से पिछड़ चुकी है। सीरीज बचाने के लिए रोहित शर्मा की सेना को हर हाल में यह मुकाबला जीतना होगा।

मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारत को अब अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। साथ ही सिडनी में अगले टेस्ट को जीतना ही होगा। ड्रॉ या हार टीम इंडिया को फाइनल की दौड़ से बाहर कर देगी। रोहित की कप्तानी में पिछले दो महीने में छह टेस्ट में टीम इंडिया की यह पांचवीं टेस्ट हार है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से हार के बाद भारत को एडिलेड में और फिर अब मेलबर्न में हार मिली है। भारत को अगर अपनी उम्मीदें बनाए रखनी है तो उसे सिडनी टेस्ट में हार हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर भारत पांचवां टेस्ट जीत जाता है तो सीरीज 2-2 से बराबर हो जाएगी।

ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। अगर श्रीलंका कंगारू टीम को इस सीरीज में हरा देती है तो ऑस्ट्रेलिया के लिए हालात विपरीत हो जाएंगे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ड्रॉ रही तो भारत की पीसीटी 55.26 रहेगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया की पीसीटी श्रीलंका के खिलाफ हार के कारण 54.26 हो जाएगी। अगर ऑस्ट्रेलिया श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट ड्रॉ कराने में सफल रहा तो उसकी पीसीटी 56.48 हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज गंवाने से भारत फाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगा।

# बुमराह बने सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय गेंदबाज

**दुबई ।** जसप्रीत बुमराह की टॉप परफॉरमेंस ने उनको दुनिया का नंबर एक गेंदबाज बना दिया है। बुमराह को 907 रेटिंग अंक मिले हैं जिसके चलते उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के 904 रेटिंग अंक को पीछे छोड़ दिया है।

इसके साथ ही बुमराह भारत के सबसे ज्यादा रेटिंग हासिल करने वाले टेस्ट गेंदबाज बन गए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दिसंबर 2016 में 907 अंक हासिल किए थे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस भी अपने बॉक्सिंग डे प्रदर्शन के चलते 15 रेटिंग अंक बढ़कर एक स्थान ऊपर जाकर गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए।

# नए साल के जश्न में डूबे महेंद्र सिंह धोनी, पत्नी साक्षी के साथ गोवा में डांस करते दिखे पूर्व कप्तान

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नए साल की पूर्व संध्या पर गोवा में परिवार और दोस्तों के साथ 2025 का जश्न मनाया। विश्व कप विजेता कप्तान 31 दिसंबर को समुद्र तट के किनारे पार्टी करते नजर आए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें धोनी पत्नी साक्षी के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। साक्षी ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें धोनी कैंडल लाइट उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं।

नए साल के मौके पर धोनी की पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ डांस करता वीडियो प्रशंसकों को काफी पसंद आया। धोनी सोमवार को रांची से गोवा आए थे। मालूम हो कि धोनी ने हाल ही में अपने घर पर क्रिसमस मनाया था। चेन्नई सुपर किंग्स के अनुभवी खिलाड़ी सांता क्लॉज की ड्रेस में नजर आए थे और साक्षी ने उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थी।

अपने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद धोनी अब अपने परिवार को समय दे रहे हैं। धोनी ने 2020 में क्रिकेट से संन्यास लिया था और तब से वह कोई त्योहार अपने परिवार के बिना नहीं मना रहे हैं। धोनी लगातार भारत और विदेश में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने जाते हैं।

## सोशल मीडिया से दूरी पर किया था खुलासा

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने सरल और शांत स्वभाव के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। अपने नेतृत्व कौशल की क्षमता के लिए मशहूर धोनी ने कभी सोशल मीडिया को अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाया। अब मिस्टर कूल ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है। पूर्व कप्तान ने बताया था कि करियर के शुरूआती दौर में उनके मैनेजर उन्हें सोशल मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह देते थे, लेकिन उन्होंने इसे कभी तवज्जो नहीं दी। धोनी ने कहा, जब मैंने 2004 में क्रिकेट खेलना शुरू किया, तब सोशल मीडिया का इतना प्रभाव नहीं था। बाद में ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म आए। मेरे सभी मैनेजर्स ने कहा कि मुझे सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए, फैंस से जुड़ना चाहिए और अपनी पब्लिक रिलेशन मजबूत करनी चाहिए। अगर मैं अच्छा क्रिकेट खेलता हूं, तो मुझे किसी पीआर की जरूरत नहीं है।

# विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2024 में कांस्य पदक के लिए विश्वनाथन आनंद ने दी वैशाली को बधाई

**नई दिल्ली ।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने 2024 का अंत यादगार बना दिया। उन्होंने महिलाओं की विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।

वैशाली ने टूनार्मेंट के क्वार्टरफाइनल में चीन की झू जिनर को हराया, लेकिन सेमीफाइनल में चीन की ही जू वेनजुन से हार गईं, जो बाद में चैंपियन बनीं।

क्वार्टरफाइनल में, वैशाली ने झू जिनर को 2.5-1.5 से मात दी। लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें जू वेनजुन के खिलाफ 0.5-2.5 से हार का सामना करना पड़ा। जू वेनजुन ने फाइनल में अपनी साथी खिलाड़ी लेई टिंगजी को 3.5-2.5 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

वैशाली की इस उपलब्धि पर भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने उनकी जमकर तारीफ की। आनंद, जो फिलहाल अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष हैं, ने कहा, वैशाली को कांस्य पदक जीतने की बधाई। यह उनकी जबरदस्त मेहनत और प्रतिभा का नतीजा है। वेस्टब्रिज आनंद चेस अकादमी की हमारी मेंटी ने हमें गर्व महसूस कराया है।

उन्होंने कोनेरू हम्पी की भी सराहना की, जिन्होंने रैपिड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। आनंद ने कहा, 2024 को खत्म करने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता। हमें गर्व है कि हमारे पास एक विश्व चैंपियन (हम्पी) और एक कांस्य पदक विजेता (वैशाली) हैं! महिला वर्ग में चीन की जू वेनजुन और लेई टिंगजी ने फाइनल में जगह बनाई। जू ने अपनी बेहतरीन रणनीति से खिताब जीता। वहीं, पुरुष वर्ग में कार्लसन और नेपोम्नियाच्ची का रोमांचक मुकाबला हुआ। ओपन वर्ग में मैग्नस कार्लसन और इयान नेपोम्नियाच्ची के बीच खिताब साझा किया गया। कार्लसन ने दिन की शुरूआत हांस नीमन्न के खिलाफ हार से की।

# माइकल क्लार्क ने की 'जीनियस' ऑलराउंडर रेड्डी को बल्लेबाजी में प्रमोट करने की अपील

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारत के उभरते हुए ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने का आह्वान किया है, जो शुक्रवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा। रेड्डी फिलहाल नंबर 8 पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने इस सीरीज में सात पारियों में 294 रन बनाए हैं। वह अब तक तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनका औसत 49 है, जिसमें मेलबर्न टेस्ट में उनकी पहली शानदार सेंचुरी (114 रन, 189 गेंदों पर) ने बड़ा योगदान दिया है।

# यूनाइटेड कप : कजाकिस्तान ने जर्मनी को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**पर्थ ।** कजाकिस्तान ने यूनाइटेड कप के क्वार्टरफाइनल में बुधवार को जर्मनी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

24 साल के अलेक्जेंडर शेवचेंको ने डेनियल मासुर को 6-7(5), 6-2, 6-2 से हराया। इस जीत ने कजाकिस्तान को 2-0 की अपराजेय बढ़त दिलाई। इससे पहले एलेना राइबकिना ने लौरा सीजमंड को 6-3, 6-1 से हराया था। जर्मनी की टीम के लिए वर्ल्ड नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव चोट के कारण बाहर हो गए थे, और उनकी जगह मासुर को शामिल किया गया। लेकिन मासुर कोई उलटफेर नहीं कर सके। शेवचेंको ने कहा, मैंने अपनी टीम के लिए जी-जान लगाई और मुझे इस पर गर्व है। मैं थोड़ा नर्वस था। यह जीत मेरे लिए खास थी। अब कजाकिस्तान सेमीफाइनल के लिए सिडनी जाएगा। 2023 में यूनाइटेड कप में अपनी पहली उपस्थिति में कजाकिस्तान बिना जीत के बाहर हो गया था, लेकिन इस बार उसके पास फाइनल में पहुंचने का मौका है। वहीं, ह्यूबर्ट हरकाज और इगा स्वियाटेक ने पोलैंड को ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर पहुंचाया। उन्होंने चेक गणराज्य के टॉमस माचाक और कैरोलिना मुचोवा को 7-6(3), 6-3 से हराकर 2-1 की जीत दर्ज की। हरकाज और स्वियाटेक ने एक घंटे 25 मिनट में जीत हासिल की। पोलैंड ने चेक टीम की सर्विस पांच बार तोड़ी स्वियाटेक ने कहा, सच कहूं तो, मुझे यकीन था कि वे बहुत अच्छा टेनिस खेलेंगे क्योंकि उनकी डबल्स और मिक्स डबल्स टीम हमेशा से ही बहुत अच्छी रही है। वे इसी तरह से बढ़े हुए हैं। लेकिन मुझे पता था कि हम जीत सकते हैं।

# ठान, रमन ने जताई भारतीय ड्रेसिंग रूम में उथल-पुथल की रिपोर्ट पर नाखुशी

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व क्रिकेटरों इरफान पठान और डब्ल्यूवी रमन ने मौजूदा बॉर्डर गावस्कर के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के ड्रेसिंग रूम में उथल-पुथल की खबरों पर नाराजगी व्यक्त की है।

यह भी बताया गया कि हेड कोच गौतम गंभीर ने मेलबर्न में मिली हार के बाद अपनी ड्रेसिंग रूम स्पीड में कहा कि 'बहुत हो गया', ऐसे में माहौल बहुत अच्छा नहीं है।

यह भी बताया गया कि गंभीर ने खिलाड़ियों को फटकार लगाते हुए कहा कि कुछ प्लेयर अपने स्वाभाविक खेल के नाम पर कुछ भी करने की कोशिश कर रहे हैं, वह परिस्थितियों के अनुसार शॉट्स नहीं लगा रहे हैं। रिपोर्ट यह भी दावा करती है गंभीर ने कहा कि उन्होंने पिछले छह महीने में टीम को अपने हिसाब से खेलने की काफी छूट दे दी है लेकिन वह टेस्ट क्रिकेट में वह तय करेंगे कि कैसे खेलना है।

**बुधवार को एक रिपोर्ट के अनुसार बॉक्सिंग डे टेस्ट में मिली 184 रनों की हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के ड्रेसिंग रूम में सब कुछ सही नहीं चल रहा है।**

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि जो खिलाड़ी गंभीर के पहले से तय रणनीति के अनुसार नहीं चलते उनको 'धन्यवाद' कह दिया जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को शामिल करने का फैसला किया था, जिसे चयन समिति ने खारिज कर दिया था।

हालांकि, रिपोर्ट से आ रही जानकारी से पठान और रमन खास प्रभावित नहीं हैं। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्विंग गेंदबाज इरफान पठान ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ड्रेसिंग रूम में क्या होता है, उसे ड्रेसिंग रूम में ही रहना चाहिए!

# आईएसएल : मोहन बागान एसजी के खिलाफ हार के सिलसिले को तोड़ना चाहेगा हैदराबाद एफसी

**कोलकाता ।** मोहन बागान सुपर जायंट और हैदराबाद एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 का मुकाबला गुरुवार को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा।

मोहन बागान सुपरजायंट 13 मैचों में 29 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर हैं, जबकि हैदराबाद एफसी 13 मैचों में केवल 8 अंक लेकर 12वें स्थान पर संघर्ष कर रही है। मोहन बागान ने अपने पिछले 5 मैचों में से 4 में जीत दर्ज की है, वहीं हैदराबाद एफसी ने पिछले 5 में से 4 मैच हारे हैं और 1 ड्रा किया है।

यह दोनों टीमों के बीच 14वां आईएसएल मुकाबला होगा। पिछले 5 मैचों में मोहन बागान हैदराबाद एफसी के खिलाफ अजेय रहा है (3 जीते, 2 ड्रा) और इन सभी मैचों में उन्होंने विपक्षी टीम को गोल करने का मौका नहीं दिया।

इस सीजन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल अलग रहा है। मोहन बागान ने हर मैच में विपक्षी के डिफेंस में औसतन 24.1 बार गेंद पहुंचाई है, जो लीग में सबसे ज्यादा है। वहीं, हैदराबाद एफसी का औसत सबसे कम (15.4 बार) है।

मोहन बागान ने अपने घर में लगातार 5 मैच जीते हैं, जो उनके आईएसएल इतिहास की सबसे लंबी जीत की बराबरी है। उनकी मजबूत डिफेंस का भी बड़ा योगदान रहा है। डिफेंडर आशीष राय ने इस सीजन 24 बार विपक्षी हमलों को रोका है, जो उनके बेहतरीन डिफेंस का उदाहरण है।

दूसरी तरफ, हैदराबाद एफसी पिछले दो बाहर के मैचों में गोल नहीं कर पाई है। अगर इस मैच में भी वे स्कोर करने में असफल रहे, तो यह उनके लिए एक ही सीजन में सबसे खराब प्रदर्शन होगा।

# पुजारा को टीम में रखना चाहते थे मुख्य कोच गंभीर

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पिछड़ने के बाद भारतीय टीम सवालों के घेरे में है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू जमीन पर मिली 0-3 की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो मैच गंवाने से कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और मुख्य कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा जा रहा है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है जिसमें बताया गया है कि गंभीर इस सीरीज के लिए अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को टीम में लेना चाहते थे, लेकिन चयनकताओं ने उनकी मांग ठुकरा दी थी।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मेलबर्न में चौथे टेस्ट में हार के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में तनावपूर्ण माहौल हो गया था और गंभीर टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से काफी नाराज हुए थे। पुजारा ने भारत के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन वह 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए फाइनल मैच में पुजारा ने 14 और 27 रन बनाए थे और कंगारू टीम ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही थी।

इस रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने खिलाड़ियों से कहा कि बस अब बहुत हुआ। गंभीर ने इरादे और टीम हित के बीच टकराव के बारे में भी बात की थी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे चर्चा की गई योजनाओं को क्रियान्वित करने के बजाय अपने हिसाब से काम कर रहे हैं। उन्होंने चर्चा की कि सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद से बल्लेबाज पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, इस दौरान उन्होंने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया।

## ऑस्ट्रेलिया में बेहतर है पुजारा का रिकॉर्ड

मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय शीर्ष क्रम का अधिकतर समय विफल होना यह साबित कर रहा है कि टीम में पुजारा जैसे किसी अनुभवी का होना जरूरी था। पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया में 47.28 के औसत से 11 मैचों में 993 रन बनाए हैं।

# सिडनी टेस्ट खेलने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे मिशेल स्टार्क

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट लीजेंड और पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा को इस बात का भरोसा है स्टार पेसर मिशेल स्टार्क भारत के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में होने जा रहे सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में खेलेंगे। यह टेस्ट दोनों टीमों के लिए काफी अहम है और ग्लेन मैक्ग्रा का मानना है कि एडिलेड टेस्ट के हीरो स्टार्क खुद को मैच फिट करने में कोई कसर नहीं छोड़ने जा रहे हैं।

# कोंस्टास के खेल का आक्रामक अंदाज टीम इंडिया के लिए नया था

**सिडनी ।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने टेस्ट डेब्यू करने वाले सैम कोंस्टास के मेलबर्न टेस्ट में शानदार प्रदर्शन पर चर्चा की। कैरी ने कहा कि इस युवा खिलाड़ी ने ऐसा क्रिकेट खेला, जो शायद भारतीय टीम के लिए नया था।

19 साल की उम्र में, कोंस्टास को मेलबर्न टेस्ट के लिए टीम में शामिल करना सभी के लिए एक चौंकाने वाला फैसला था। लेकिन उन्होंने पहले ही दिन अपने आक्रामक अर्धशतक से इस चयन को सही साबित कर दिया। उनकी निर्भीक बल्लेबाजी ने भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को चुनौती दी, जिनके शुरूआती स्पेल में उन्होंने 34 गेंदों पर 33 रन बनाए। उनकी सबसे बड़ी खासियत थी उनके साहसिक रैम्प शॉट्स, जिनमें एक ओवर में तीन चौके भी शामिल थे।

एलेक्स कैरी ने कहा, मैं पहले सेशन में दर्शक की तरह था। कभी आंखें बंद कर लेता, तो कभी जोश में चीयर करता। वहां मौजूद 90,000 लोगों के जैसे ही मेरे भाव थे।

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम ने पहले तीन टेस्ट में संघर्ष किया था। उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी रन बनाने में सफल नहीं हो पा रहे थे। लेकिन कोंस्टास की एंट्री ने ओपनिंग साझेदारी में नई जान डाल दी। कैरी ने कहा, उसने टीम में ऊर्जा भर दी। उसने ऐसा क्रिकेट खेला, जो शायद भारत ने पहले नहीं देखा था। हर मैच में यह उसका खेल नहीं होगा, लेकिन शुरूआत में आक्रामक होकर हमारे लिए मोमेंटम बनाया। यही हमारी ओपनिंग पार्टनरशिप में कमी थी। कोंस्टास की धमाकेदार शुरूआत विवादों से भी घिरी रही। पहले दिन भारतीय स्टार विराट कोहली से कंधे की टक्कर पर बहस हो गई, जिसके कारण कोहली पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगा। हालांकि, बाद में दोनों ने हाथ मिलाकर बात खत्म कर दी। कैरी ने कहा, मैंने उनकी हाथ मिलाने की फोटो देखी। ये टेस्ट क्रिकेट है।

# मेयर सुनीता दयाल को नववर्ष की बधाई देने पहुंचे निगम पार्षद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नववर्ष 2025 के आगमन की खुशी नगर निगम में भी दिखाई दी। मेयर सुनीता दयाल को नववर्ष की बधाई शुभकामनाएं देने के लिए निगम पार्षद नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। यहां निगम पार्षदों ने मेयर सुनीता दयाल को नववर्ष की बधाई दी। मेयर सुनीता दयाल ने सभी को बधाई शुभकामनाए देते हुए उनके मंगलमय जीवन खुशहाल नववर्ष की कामना करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी।

# पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के समर्थकों, शुभचिंतकों ने उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के समर्थकों,शुभ चिंतकों मित्रो ने बुधवार को उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पूर्व विधायक अमर पाल शर्मा ने जन्मदिन का केक काटा ओर उनके समर्थकों ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय जयपाल सिंह को श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सेवा नगर घूकना में रहने वाले स्वर्गीय जयपाल सिंह चौधरी का निधन 26 दिसंबर 2024 को हो गया था । 1 जनवरी को स्वर्गीय जयपाल सिंह चौधरी की शोक सभा आयोजित की गई। कविनगर के मिलन वेंकट हाल में आयोजित शोक सभा में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डोनाल्ड ट्रंप ने दी नए साल की शानदार पार्टी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप द्वारा आयोजित फ्लोरिडा के मार ए लागो बीच पर आयोजित नए साल के जश्न में शामिल हुए। इस समारोह में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भी मौजूद रहें। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें साझा की। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन भी लिखा।उन्होंने कैप्शन में बताया कि उन्हें 2025 के बारे में अच्छा महसूस हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप की टीम ने इस जश्न की तस्वीरें साझा की। एलन मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा, ₹मुझे 2025 के बारे में अच्छा महसूस हो रहा है।₹ ट्रंप की टीम ने इस पोस्ट को दोबारा पोस्ट करते हुए कहा, ₹नए साल की शुभकामनाएं। 2025 अमेरिका के स्वर्ण युग की शुरूआत का प्रतीक है। जश्न के दौरान पत्रकारों ने ट्रंप से नए साल के संकल्पों के बारे में सवाल किया। इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ₹मैं चाहता हूं कि सभी खुश रहें, स्वस्थ रहें और ठीक रहें।₹ बता दें कि मौजूदा समय में ट्रंप और मस्क एक-दूसरे के समर्थन बनकर उभरे हैं। इससे पहले ट्रंप ने अमेरिका में अप्रवासियों के योगदान पर एलन मस्क के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया था। टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने राष्ट्र के लिए योगदान देने वाले लोगों के मूल्यों पर जोर दिया और उनसे देश की पहचान को संरक्षित करने की अपील की। एक पोस्ट में उन्होंने कहा, किसी भी जाति या राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति अगर अमेरिका में आगर इस देश में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करता है तो उसके लिए हमेशा मेरे दिल में सम्मान रहेगा।

# भारत आएगा मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा

**वॉशिंगटन ।** मुंबई में 2008 में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा भारत लाया जाएगा। अमेरिका की अदालत ने उसके भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अब भारत ने उसे यहां लाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। भारत ने अमेरिका से तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण मांगा था। राणा ने निचली अदालतों में याचिका दायर करके प्रत्यर्पण को रोकने की मांग की थी, मगर कोर्ट से उसे राहत नहीं मिली। इन अदालतों के फैसले राणा का भारत प्रत्यर्पण करने के पक्ष में थे। इसके बाद 13 नवंबर को राणा ने अमेरिकी कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसमें उसने वही दलील दी, जो उसने पहले निचली अदालतों में दी थी कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपों में उसे शिकागो की एक संघीय अदालत ने मुकदमे से बरी किया है। राणा की याचिका को बाइडन प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से खारिज करने की मांग की थी। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल प्रीलोगर आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की याचिका से असहमत थे। उन्होंने कहा था कि सरकार नहीं मानती कि जिस आचरण पर भारत प्रत्यर्पण चाहता है वह अमेरिकी सरकार के अभियोजन के दायरे में था। भारत का जालसाजी के आरोप संयुक्त राज्य अमेरिका से अलग है। आरोपी ने इमिग्रेशन लॉ सेंटर का शाखा कार्यालय खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को सौंपे गए आवेदन में गलत जानकारी दी है। अब अमेरिकी कोर्ट ने राणा की याचिका खारिज कर दी है। इसके बाद राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। भारत ने उसे यहां लाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। साल 2008 में पाकिस्तान से नाव में आए लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने करीब 60 घंटे तक मुंबई को बंधक बनाए रखा था। आतंकियों ने इस दौरान 160 से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने नौ आतंकियों को मौके पर ढेर कर दिया था, जबकि एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था। जिसे बाद में फांसी दे दी गई थी। मुंबई आतंकी हमले में मरने वाले लोगों में 26 विदेशी नागरिक भी थे।

# कराची में एमडब्ल्यूएम का विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक

## पुलिस पर हमला, कई अधिकारी घायल

आतंकवाद मुर्दाबाद
पाकिस्तान मुर्दाबाद
शहबाज़ शरीफ़
विरोध प्रदर्शन
احتجاجی مظاہرہ
2 अगस्त 2024

**कराची ।** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां कराची में मजलिस वहदत-ए-मुसलमीन (एमडब्ल्यूएम) पार्टी का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को हिंसक हो गया। पुलिस ने नुमाइश चौरांगी पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गोलीबारी की, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। इस हिंसा में पुलिस के कई अधिकारी घायल हो गए, जिनमें एसएसपी केमरी फैजान अली और एसएसयू के कमांडो शामिल थे। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

### सिंध के सीएम मुराद अली ने की निंदा

सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस हिंसा की निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी को भी सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाने दिया जाएगा। अली ने कहा कि हर किसी को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गलत है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि विरोध प्रदर्शन के लिए उचित स्थान दिए गए हैं और उम्मीद है कि उनका सही तरीके से उपयोग किया जाएगा।

बता दें कि एमडब्ल्यूएम ने पाराचिनार के लोगों के समर्थन में देशभर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था, जहां हिंसा और हत्याओं के खिलाफ लोग न्याय और शांति की मांग कर रहे हैं। एमडब्ल्यूएम नेता अल्लामा हसन जफर नकवी ने कहा कि यह विरोध शांतिपूर्ण है और इसमें कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है। उन्होंने सिंध सरकार से इस विरोध को राजनीतिक फायदा उठाने से बचने की अपील की।

साथ ही नकवी ने कहा कि अगर पाराचिनार के लोग अपना धरना खत्म करते हैं, तो टहट भी धरना खत्म कर देगा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जाफरिया समुदाय पर किसी भी तरह का दबाव नहीं डाला जाए, क्योंकि समुदाय किसी भी तानाशाही को सहन नहीं करेगा और उनका विरोध जारी रहेगा।

# ड्रोन हमले में हमास कमांडर अब्द अल-हादी सबा ढेर, आईडीएफ ने मारे जाने की पुष्टि की

**तेल अवीव ।** इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को हाल के ड्रोन हमले में हमास कमांडर अब्द अल-हादी सबा के मारे जाने की पुष्टि की है। सबा 7 अक्तूबर को किबुत्ज नीर ओज पर हुए हमले का मुख्य आरोपी था।

आईडीएफ के अनुसार, हमास कमांडर सबा ने 7 अक्तूबर 2023 को हुए नरसंहार के दौरान किबुत्ज नीर ओज पर हमले का नेतृत्व किया था। आईडीएफ ने कहा कि हमास की पश्चिमी खान यूनिस बटालियन में नुखबा प्लाटून कमांडर सबा को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस इलाके में मार गिराया गया। आईडीएफ ने कहा कि यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई।

इससे पहले, आईडीएफ ने बताया कि शिन बेट (इस्राइल की सामान्य सुरक्षा सेवा) के सहयोग से 14 हमास आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिनमें से छह ने 7 अक्तूबर के हमले में भाग लिया था। ये ऑपरेशन आईडीएफ के 162वें 'स्टील' डिवीजन की गाजा पट्टी में चल रही गतिविधि के हिस्से के रूप में किए गए थे।

### आईडीएफ और शिन बेट संयुक्त रूप से कर रही काम

162वीं डिवीजन ने 7 अक्तूबर के हमले में भाग लेने वाले आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए आईडीएफ और शिन बेट की संयुक्त गतिविधि के हिस्से के रूप में जबालिया और बेत लाहिया के क्षेत्रों में काम कर रही है।

बता दें कि 7 अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर बड़ा आतंकी हमला किया था, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से ज्यादा बंधक बना लिए गए थे। लगभग 100 बंधक अभी भी कैद में हैं।

# यूक्रेन के नौसैनिक ड्रोन ने रूसी हेलीकॉप्टर मार गिराया, घायल पायलट बोला- मुझे गोली लगी

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन के नौसैनिक ड्रोन ने कालासागर में दो रूसी हेलीकॉप्टरों को निशाना बनाया। हमले में ड्रोन ने एक रूसी हेलीकॉप्टर को मार गिराया। जबकि दूसरा हेलीकॉप्टर क्षतिग्रस्त हो गया। हमले के बाद यूक्रेन सैन्य खुफिया सेवा के रेडियो इंटरसेप्ट में रूसी हेलीकॉप्टर के पायलट की आवाज सुनाई दी। इसमें पायलट कह रहा है कि मुझे गोली लगी है, मैं नीचे जा रहा हूं। यूक्रेन सैन्य खुफिया सेवा ने कालासागर में हुए हमले और पायलट के इंटरसेप्ट का वीडियो एक्स पर साझा किया है।

पहले वीडियो में यूक्रेन का मैगुरा वी5 नौसैनिक ड्रोन रूसी एमआई-8 हेलीकॉप्टर पर हमला करता है। वीडियो में दिख रहा है कि ड्रोन बोट के आसपास गोलीबारी हो रही है। इसके चलते समुद्र के पानी में छींटे पड़ रही हैं। वीडियो में एक हेलीकॉप्टर को दिखाया गया है। आसमान में दिख रही चमक के बीच मिसाइलें दागी जा रही हैं। इसके बाद हेलीकॉप्टर से कुछ टकराता है और समुद्र में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है।

इसके बाद दूसरे वीडियो में रेडियो संचार दिखाया गया है। इसमें रूसी हेलीकॉप्टर का पायलट कह रहा है कि 482, मुझे गोली लगी है, मैं नीचे जा रहा हूं। संचार में आगे कहा गया कि एक विस्फोट हुआ और मैं घायल हो गया। हमला पानी से हुआ। फिर एक और चमक हुई। मैं नहीं देख सका कि वह कहां गई, लेकिन वह सीधे मुझ पर लगी और पास में ही विस्फोट हुआ। मैंने इसे हेलीकॉप्टर पर महसूस किया।

वहीं यूक्रेन की जासूसी एजेंसी जीयूआर ने बताया कि क्रीमिया के पश्चिमी तट पर मिसाइलों से लैस यूक्रेन के मैगुरा वी5 समुद्री ड्रोन ने रूसी एमआई-8 हेलीकॉप्टर को टक्कर मार दी। ऐसा पहली बार हुआ है ।

# अमेरिकी रक्षा विभाग को बड़ा झटका

## अदालत ने बरकरार रखा हमले के मास्टरमाइंड के साथ किया गया समझौता



**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी रक्षा विभाग को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका की अपील अदालत ने 09/11 हमले के मास्टरमाइंड और अन्य आरोपियों के साथ किए गए समझौते को बरकरार रखा। अदालत ने रक्षा सचिव लॉयड आस्टिन को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि ऑस्टिन ने आरोपियों के साथ किए गए समझौते को रद्द करके अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया। अब अमेरिकी सरकार आरोपियों के साथ किए गए समझौते को लेकर आगे की कार्रवाई पर मंथन कर रही है।

11 सितंबर 2001 को अमेरिका में हुए आतंकी हमले में 3000 के करीब लोगों की मौत हुई थी और इस आतंकी हमले ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। अपहरणकर्ताओं ने पहले दो विमानों को न्यूयॉर्क शहर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावरों से टकराया और तीसरे विमान को वर्जीनिया के अर्लिंग्टन में पेंटागन से टकराया। चौथे विमान को वॉशिंगटन डीसी में एक संघीय सरकारी इमारत को टक्कर मारनी थी, लेकिन वह एक खेत में गिर गया था। इस हमले के आरोपी खालिद शेख मोहम्मद और उसके दो साथी वालिद बिन अताश और मुस्तफा अल-हौसावी को मौत की सजा सुनाई गई है। 11 सितंबर के आतंकी हमले के पांच साजिशकर्ता ग्वांतेनामो बे जेल में बंद हैं।

कुछ महीने पहले अमेरिकी अभियोजकों ने 09/11 के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद के साथ एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत अमेरिका मास्टरमाइंड खालिद शेख द्वारा आरोप स्वीकार करने के बदले मौत की सजा खत्म करने को तैयार है।

इस समझौते का हमले के पीड़ितों ने विरोध किया तो रक्षा सचिव लॉयड आस्टिन ने समझौते को रद्द कर दिया था। ऑस्टिन ने कहा था कि 9/11 के पीड़ितों के परिवार और हमले से प्रभावित लोग आरोपियों पर मुकदमा चलते हुए देखना चाहते हैं। मगर नवंबर में एक सैन्य न्यायाधीश ने समझौते को वैध माना।

इसे लेकर अपील अदालत ने फैसला सुनाया कि ऑस्टिन भविष्य में होने वाले प्री-ट्रायल समझौतों को सीमित कर सकते हैं, लेकिन उनके पास पहले से स्वीकृत समझौतों को रद्द करने का अधिकार नहीं है। अदालत ने कहा कि प्रतिवादियों द्वारा अपराध स्वीकार करने से किसी भी नए मुकदमे की संभावना कम हो जाएगी।

# समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** धर्म संस्कृति राजनीति से लेकर व्यापार मंडल ओर सरकार से लेकर कारोबार तक अपनी एक अलग पहचान समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने बनाई है। ये एक वजह है कि उनके जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने,मित्रो ने नववर्ष से ज्यादा हर्ष उल्लास दिखाया। समाज के सभी वर्गो के गणमान्य लोगों ने संजीव गुप्ता को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना की। संजीव गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

# धूमधाम से मनाया गया महाराजा अग्रसेन रसोई का 7वां स्थापना दिवस

## सांसद अतुल गर्ग व प्रदेश मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की शिरकत, खूब की तारीफ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रतिदिन 10 रुपए में लोगों को भरपेट भोजन करा रही महाराजा अग्रसेन रसोई के आज छह वर्ष पूर्ण हो गए। इन छह वर्षों में रसोई में आकर निस्वार्थ सेवा देने वाले कर्मठ सेवकों की बदौलत और इसके संचालन में कभी भी आर्थिक संकट न आने देने में लगे संचालक मंडल ने पूरे उत्साह के साथ आज सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। महाराजा अग्रसेन जन कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा डायमंड तिराहे पर स्थित संचालित महाराजा अग्रसेन रसोई के सातवें वर्ष में प्रवेश करने पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में संसद अतुल गर्ग एवं उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अग्रसेन वाटिका में आकर अपनी शुभकामनाएं दीं तथा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्पांजलि की। इस अवसर पर दोनों ही अतिथियों को ट्रस्ट के पदाधिकारी संदीप सिंघल, डॉ. राजेश गुप्ता, सतीश मित्तल, प्रदीप सिंघल, राजीव गुप्ता, सीके अग्रवाल, वीके अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, अशीष बिंदल द्वारा पौधे व पुष्पहार भेंट करके उनका सम्मान किया गया।

### महाराज अग्रसेन रसोई के समस्त ट्रस्टी एवं सेवादार बधाई के पात्र : अतुल गर्ग

**करंट क्राइम।** इस मौके पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उनके द्वारा ही 1 जनवरी 2019 को इस महाराजा अग्रसेन रसोई का शुभारंभ किया गया था और आज इस रसोई में प्रतिदिन 700 से 800 व्यक्ति मात्र 10 देकर स्वादिष्ट पुष्टि भोजन करते हैं, इसके लिए महाराज अग्रसेन रसोई के समस्त ट्रस्टी एवं सेवादार बधाई के पात्र हैं।

### प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भोजन की तारीफ की

**करंट क्राइम।** प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इस तरह की रसोई का संचालन करना कोई आसान कार्य नहीं है। मैं मुख्य संरक्षक एवं राष्ट्रपति पदक सम्मानित वीके अग्रवाल एवं उनकी समस्त टीम की तारीफ करता हूं। इस दौरान उन्होंने भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता भी चेक की तथा दोनों ही अतिथियों ने भोजन को बहुत ही स्वादिष्ट पौष्टिक बताया।

### इस अवसर पर गणमान्य लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर लोकेश सिंघल, डीडी गर्ग, प्रदीप गुप्ता, यूएस गर्ग, डीके मित्तल, हेमंत कंसल, अरविंद गुप्ता, गौरव बंसल, सुनील शर्मा, चंदन सिंधवानी, श्याम सुंदर गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, स्नेह लता सिंघल, वी के सिंघल, राकेश मित्तल, लवकेश अग्रवाल, सुनील सिसोदिया, निशा अग्रवाल, जितेंद्र भटनागर आदि मौजूद रहे। वीके अग्रवाल ने कहा कि इस रसोई के 7 साल के लंबे समय तक सफल संचालन का सबसे बड़ा श्रेय निस्वार्थ भाव से प्रतिदिन सेवा देने वाले प्रमुख सेवादारों को जाता है।

---

# इंदिरापुरम में नववर्ष के आगमन पर भंडारे का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम जीडी मार्केट में नववर्ष की शुरूआत भंडारे से की है। भंडारे में काफी संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सलेक त्यागी, अतुल त्यागी, बल्ले पण्डित, भगवान दास, चन्द्र पाल ने बताया कि जहां सुबह से ही लोग कतारबद्ध, भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते रहते हैं। इस वर्ष भी लोगों को पूरी तरह से पूरी सब्जी श्रद्धा से वितरण किया गया। भाजपा नेता सलेक त्यागी ने बताया कि हर साल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो लोग प्रसाद लेते हैं।

---

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Sonu Bhati is with Deepak Bhati and 97 others.
2h

हमारे देवता तुल्य पिताजी को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं आप जियो हज़ारों साल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक पिता के लिए इससे ज्यादा सुख कुछ नहीं होता जब उनका बेटा उनके जन्मदिन की खुशी को सेलिब्रेट करे। एक पुत्र के लिए ये पल सौभाग्यशाली होता है जब उन्हें अपने जन्मदाता पिता का जन्मदिन मनाने का अवसर मिले। सोनू भाटी ने अपने देवता तुल्य पिता का जन्मदिन मनाया। इस पल को फेसबुक पर साझा किया और यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

---

# कौशांबी सेंट्रल पार्क स्थित पप्पू चौपाल पर मनाया गया नए साल का जश्न

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** कौशांबी सेंट्रल पार्क स्थित पप्पू चौपाल द्वारा आज नए साल का जशन मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा कौशांबी वैशाली के समस्त निवासियों को नए साल की बधाई दी गई और कहा गया कि सभी लोग स्वस्थ रहें प्रसन्न रहे और भगवान से प्रार्थना करते हैं कि इस साल हमारे क्षेत्र में पहले के मुकाबले और ज्यादा विकास कार्य हो पार्षद तथा पप्पू चौपाल द्वारा सफाई सुपरवाइजर विनोद को इस अवसर पर गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। सभी लोगों द्वारा एक दूसरे को गुलाब का फूल देकर तथा नाच गाकर इस अवसर को मनाया गया। निवासियों द्वारा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर राकेश जकेतिया, गौरव वर्मा, पवन गुप्ता, मनीष जैन, प्रेम गौगिया, नरेंद्र सिंह, पवन गुप्ता, एस एम गोयल, राधा रमन, कमल गुप्ता, प्रमोद कुमार सिंह, सुशील जैन, सुमन सूद, राजेंद्र गोयल, नरेश कुमार, जसपाल सिंह, जुगल अग्रवाल, मोहन सिंह बिष्ट, बीपी सिंह, रवि, नवल, रविंद्र नगर, बबलू, पीके सिंह, नीलांश जैन सहित काफी संख्या लोग उपस्थित रहे।

---

# मकान में हुआ विस्फोट, दो गंभीर रूप से घायल

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव रेवड़ा रेवड़ी में बुधवार सुबह आठ बजे के आसपास एक मकान में विस्फोट हो गया। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गाजियाबाद में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव रेवड़ा रेवड़ी में एक टायर बनाने की फैक्ट्री है। फैक्ट्री में बिहार व गोरखपुर निवासी एक दर्जन से अधिक मजदूर काम करते हैं। सभी मजदूर फैक्टरी से दो सो मीटर दूर एक निमार्णाधीन मकान में किराए का कमरा लेकर रहते हैं। बताया जा रहा है कि मजदूर अलग अलग कमरों में सो रहे थे। बुधवार सुबह आठ बजे के आसपास अचानक एक कमरे अचानक तेज आवाज के साथ विस्फोट हुआ। लोगों ने बताया विस्फोट की आवाज एक किलोमीटर दूर तक गई और चारों और धुआं धुआं हो गया। बीस मिनट तक मकान में मौजूद मजदूरों को कुछ दिखाई नहीं दिया। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मुरादनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर गाजियाबाद रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे में जितेंद्र निवासी गोरखपुर व चंद्रवार निवासी बिहार घायल हुए। सूचना मिलने पर एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# दिल्ली-एनसीआर में नववर्ष के स्वागत में जमकर झूमे लोग

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामनाएं, डीजे की धुन पर जमकर थिरके

**नई दिल्ली।** नववर्ष के स्वागत के जश्न में मंगलवार को राजधानी डूबी रही। पिकनिक स्पॉट, मॉल, प्रमुख बाजारों और धार्मिक स्थलों पर लोगों का हुजूम उमड़ा। लोगों ने नाचते-गाते बड़े ही उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत किया।

वहीं, इस दौरान पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। देर रात तक सड़कों पर दिल्ली पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। वाहनों चालकों की लगातार जांच की गई। कनाट प्लेस में लोगों की सबसे ज्याद भीड़ रही।

पुलिस की ओर से कनाट प्लेस में सिर्फ पास वाले वाहनों की ही अनुमति थी। इसके बावजूद वाहनों की संख्या काफी अधिक रही। अधिकारियों ने बताया कि कनॉट प्लेस में भीड़ प्रबंधन के लिए रास्तों को रात आठ बजे से देर रात तक के लिए बंद कर दिया गया था। कनॉट प्लेस में केवल उन्हीं वाहनों को प्रवेश दिया गया था, जिनके पास होटल, रेस्तरां, बार आदि की बुकिंग थी। प्रमुख मार्गों पर बैरिकेड लगाए गए। आठ बजे के बाद पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रास्ते बंद कर दिए। इसके बाद लोग पैदल ही कनॉट प्लेस पहुंच गए। युवा अपने दोस्तों के साथ इंडिया गेट, ग्रेटर कैलाश समेत कई महत्वपूर्ण जगहों पर मौज मस्ती करते हुए दिखे।

### सोशल मीडिया पर लोगों ने दी बधाई

जो लोग अपनों से दूर थे, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। लोगों ने एक दूसरे के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।

### घर पर रहकर पार्टी की

काफी संख्या में लोगों ने इंडिया गेट और कनॉट प्लेस की तरफ रुख किया। कई लोगों ने दोस्तों के साथ घर पर ही पार्टी की। दिल्ली के इंद्रपुरी निवासी राम नरेश ने बताया कि वह पहले दोस्तों के साथ कनॉट प्लेस जाते थे, लेकिन सर्दी बढ़ने पर इस साल घर में ही दोस्तों के साथ पार्टी करने का फैसला किया। इसी तरह लक्ष्मी नगर निवासी मयंक ने बताया कि शाम को दोस्तों के साथ घूमने गए, लेकिन रात होते ही घर पर परिवार के साथ ही नए साल का स्वागत किया।

देशभर में
नए साल का जश्न

### नोएडा, ग्रेटर नोएडा में नए साल के जश्न में झूमी रात

नववर्ष के स्वागत के लिए सेक्टर और सोसाइटियों के साथ शहर के मॉल, पब, रेस्तरां और बाजार देर रात तक गुलजार रहे। लोगों ने दोस्तों और परिवार के साथ पार्टी की। शहर के बाजारों में मंगलवार दोपहर बाद से ही वाहनों के पहिये थम गए थे। सेक्टर-18, जीआईपी व गार्डन गैलेरिया मॉल के समीप बेरिकेडिंग की गई थी। डीएलएफ मॉल की पार्किंग दोपहर में ही फुल हो गई। इस वजह से सुरक्षा कर्मियों ने वाहनों को लौटाना शुरू कर दिया। दलित प्रेरणा की ओर से सेक्टर-18 की तरफ आने वाले मार्ग पर जाम लग गया। सेक्टर-18 के चारों तरफ बेरिकेड लगाकर एंटी और एग्जिट बंद कर दिया गया। वहीं शाम ढलते ही नए साल सेलिब्रेशन का कार्यक्रम शुरू हो गया। सेक्टर व सोसाइटियों में नए साल सेलिब्रेशन भी देर रात तक चलता रहा।

नोएडा के गार्डन गैलेरिया मॉल में ही 2 से 2.5 लाख युवा ग्रुपों में नए साल का जश्न मनाने पहुंचे। इसके अलावा एक्सप्रेस वे से सटे एडवांट, गुलशन और ग्रेनो वेस्ट के गौड़ सिटी के आसपास के मॉल में भी नए साल का जश्न जोश व उमंग के साथ मनाया गया। आबकारी व मनोरंजन विभाग से करीब 200 से अधिक स्थानों पर पार्टी आयोजित करने के लिए अनापत्ति जारी की गई थी। सोसाइटियों को नए साल में शराब पार्टी करने के लिए प्रशासन की ओर से लाइसेंस लेने के लिए कहा गया था। लाइसेंस नहीं होने के कारण सोसाइटी में बिल्डर प्रबंधन और एओए की ओर से शराब का सेवन नहीं करने का संदेश जारी किया गया था।

सेक्टर-29 की मार्केट, सेक्टर-65 की मार्केट, सेक्टर-56 की मार्केट, बादशाहपुर व सोहना रोड पर नए साल का जश्न मनाने वालों की भीड़ अधिक रही। शाम छह बजे के बाद ही लोगों का आना शुरू हो गया था। प्रशासन की ओर से तय पार्किंग की ओर से लोगों को डायवर्ट किया जा रहा था। जिन लोगों की पहले से बुकिंग थी उनके रूट के हिसाब से ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक डायवर्ट कर रही थी। इसके चलते इफको चौक व सिकंदरपुर के पास लोगों को डायवर्ट किया जा रहा था। क्लब की पार्किंग फुल हो जाने के कारण सेक्टर-29 से लेकर गलेरिश मार्केट की ओर वाहनों के जाम को देखा जा सकता था। पुलिस के जवान अपने प्वाइंट पर ही बने हुए थे। सोहना रोड पर सुभाष चौक से लेकर वाटिका चौक के बीच व सोहना अंडर पास से मालिबू टाउन की ओर निकलने वाले वाहन पैक थे। वहां पर वाहन रेंग-रेंग कर निकल रहे थे।

## गाजियाबाद की सोसायटियों में बजता रहा गाना, जमकर झूमे लोग

गाजियाबाद की सोसायटियों में महिलाओं और बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा रेस्टोरेंट, बार और पब में भी युवाओं की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने डीजे फ्लोर पर अपनों के साथ जमकर डांस किया। 12 बजते ही हर किसी ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। ओप्यूलेंट मॉल, गौड़ मॉल, शिप्रा मॉल, पैसेफिक मॉल, ईडीएम मॉल, महागुन मॉल, हैबिटेट सेंटर को नव वर्ष के अवसर पर सजाया गया। मॉल की ओर से रंगारंग कार्यक्रम हुए। इसका लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। सोसायटी के बच्चों और महिलाओं ने ग्रुप परफॉरमेंस दी। लोगों ने कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टॉल पर मस्ती की।

---

# 'हिंदू और बौद्ध मंदिरों को तोड़ने की योजना बना रही भाजपा', सीएम आतिशी का दावा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा, 'भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हिंदू मंदिरों और बौद्ध मंदिरों को तोड़ने की योजना बना रही है। एक धार्मिक समिति है, जो मंदिरों को शिफ्ट करने या उन्हें तोड़ने के बारे में फैसला लेती है। यह दिल्ली सरकार के गृहमंत्री के अधीन आती थी। पिछले साल तक इस समिति के सभी फैसले पहले गृहमंत्री के सामने रखे जाते थे और उनकी मंजूरी के बाद ही कोई कार्रवाई की जाती थी, लेकिन पिछले साल दिल्ली के एलजी ने आदेश दिया कि किसी भी धार्मिक स्थल को तोड़ना कानून व्यवस्था का मामला है और इसलिए यह दिल्ली एलजी के अधीन आता है और इसलिए दिल्ली के सीएम या गृहमंत्री का इससे कोई लेना-देना नहीं है।'

आतिशी ने कह, 'अब धार्मिक समिति सीधे दिल्ली एलजी के अधीन है। समिति के अध्यक्ष गृह विभाग के प्रमुख सचिव होते हैं और वह समिति के सुझावों को मंजूरी के लिए सीधे दिल्ली एलजी को भेजते हैं। 22 नवंबर को धार्मिक समिति की बैठक हुई थी। कल एलजी के कार्यालय ने मीडिया को बताया कि मंदिरों को तोड़ने का कोई आदेश नहीं है, लेकिन यह झूठ है। 22 नवंबर को हुई बैठक में वेस्ट पटेल नगर, दिलशाद गार्डन, सीमापुरी, गोकलपुरी, न्यू उस्मानपुर और सुल्तानपुरी में स्थित कई मंदिरों और सुंदर नगरी में स्थित एक बौद्ध मंदिर को गिराने का फैसला लिया गया। यह सब बैठक के मिनट्स में है। दिल्ली के एलजी ने इसे मंजूरी दे दी है और अब डीएम और एसडीएम इन मंदिरों को गिराने की तैयारी कर रहे हैं।'

आतिशी ने आगे कहा,' आप और अरविंद केजरीवाल ने पुजारियों और ग्रंथियों को 18 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा की। भाजपा मंदिरों को ध्वस्त करने की योजना बना रही है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए विध्वंस की कार्रवाई न की जाए। देवताओं की किसी भी मूर्ति या बौद्ध मंदिरों को न तोड़ जाए।'

---

# आप गिरगिट की तरह रंग बदलती है : सुधांशु त्रिवेदी

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने नए साल के मौके पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। पीसी में सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आप गिरगिट की तरह रंग बदलती है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता से झूठे वादे कर रहे हैं। आप नेता जो कहते हैं वो नहीं करते हैं। मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार उजागर हुआ। अब केजरीवाल को जनता समझ चुकी है।

भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने पीसी के दौरान कहा कि आप पार्टी के हर वरिष्ठ नेता को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल भेजा गया है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और संसद में पार्टी के नेता, तीनों ही जेल जा चुके हैं। आपने पहले कभी इतना विविधतापूर्ण भ्रष्टाचार नहीं देखा होगा। उनके स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में, अमानतुल्लाह खान को वक्फ बोर्ड में घोटाले के आरोप में, नरेश बाल्यान को माफिया से संबंधों के आरोप में जेल भेजा गया।

सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा कि आज के समय में सभी राजनीतिक दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता का संकट है। आज मैं 10 बिंदु साझा करना चाहता हूं, जिसका वादा अरविंद केजरीवाल और आप ने किया था। उन्होंने असुरक्षित बिजली के तारों से राहत का वादा किया था। उनके कार्यकाल के 10 साल बाद, स्थिति यह है कि 23 जुलाई 2024 को इन तारों की वजह से एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उन्होंने वादा किया था कि वे कूड़े के ढेर साफ करेंगे।

---

# कातिल 'हसीना': शादी से इनकार करने पर महिला ने खोया आपा

### सोशल मीडिया पर हुई थी दोनों की दोस्ती

### महिला ने दो साथियों के साथ हत्या का किया प्रयास

**नोएडा।** दिल्ली से सेट नोएडा में एक महिला ने कथित तौर पर एक 21 वर्षीय युवक की हत्या करने की कोशिश की है। महिला ने सोशल मीडिया पर एक युवक से दोस्ती की थी, क्योंकि उसने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था।

पुलिस ने बताया कि महिला ने कथित तौर पर अपने दो साथियों के साथ मिलकर युवक की शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर धारदार हथियार से हत्या कर दी, जिसके बाद युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

रबूपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार रात रोनिजा गांव निवासी हंसराज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके बेटे धीर जिसको 24 दिसंबर की सुबह प्रिया का फोन आया। उसने उसे मिलने के लिए बुलाया। जो बीकॉम का छात्र है। नशीला पदार्थ पिलाकर युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या के प्रयास मामले में युवती के खिलाफ केस दर्ज हो गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से युवक की युवती से पहचान हुई थी। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर गले और हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर किया गया था।

---

# हिमालय की गोद में लोगों ने मनाया नए साल का जश्न बर्फबारी के बीच पर्यटकों के लिए यादगार बने पल

**ज्योतिर्मठ (चमोली) /गढ़वाल।** नए साल के जश्न के लिए औली पैक रहा है। होटलों में कैंप फायर से लेकर पहाड़ी व्यंजन तैयार किए गए। करीब पांच हजार पर्यटक ने साल की विदाई और नए साल का स्वागत औली की हसीन वादियों में किया। विंटर डेस्टिनेशन औली पर्यटकों से पैक हो चुका है। पिछले दिनों बर्फबारी के बाद पर्यटकों ने औली का रुख करना शुरू किया। जिसके बाद साल 2024 की विदाई और 2025 के स्वागत के लिए पर्यटक तैयार थे। औली के सभी होटल, लॉज भरे हुए हैं। साथ ही आसपास के होटलों के साथ ही होम स्टे, टैंटों में भी अच्छी बुकिंग है। इस समय औली में करीब पांच हजार पर्यटक ठहरे हुए हैं। चेयर लिफ्ट प्रभारी दीपक डिमरी ने बताया कि मंगलवार को 1200 से अधिक पर्यटकों ने चेयर लिफ्ट से औली के दीदार किए।

कई पर्यटकों ने औली में घुड़सवारी का भी आनंद लिया। पर्यटकों के वाहन ज्योतिर्मठ के रविग्राम में रोके गए हैं, वहां से स्थानीय वाहन की ओर से उन्हें औली भेजा गया। दूसरे दिन भी यह व्यवस्था कामयाब रही। औली मार्ग पर जाम की समस्या नहीं रही।

होटलों में पर्यटकों के लिए कैंप फायर के साथ डीजे पर संगीत की व्यवस्था की गई थी। साथ ही पहाड़ी व्यंजन परोसने की भी व्यवस्था की गई। गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंधक प्रदीप शाह ने बताया कि पर्यटकों के लिए निगम में पहाड़ी व्यंजन तैयार किए गए, जिसमें गहत की दाल, आलू की थिच्वाणी, कोदे की रोटी, झंगोरे की खीर आदि बनाए गए।

वहीं औली के होटल व्यवसायी अजय भट्ट ने बताया कि पर्यटकों के लिए होटलों में स्थानीय खाने की व्यवस्था की गई है। जो पर्यटक पहुंच रहे हैं उनका स्वागत अरसे व चाय से किया जा रहा है। औली रोड पर पाला जमने से फिसलन बनी हुई है। पाले को गलाने के लिए बीआरओ के मजदूरों ने सड़क पर यूरिया और नमक का छिड़काव किया। जिससे सड़क पर वाहनों के आवागमन में दिक्कत नहीं हुई।

नए साल से पहले नगर पालिका परिषद ज्योतिर्मठ ने पर्यावरण मित्रों/स्नो वरियर्स द्वारा औली में स्वच्छता अभियान चलाया।

---

# भवाली में लगा भयंकर जाम, सड़क पर रेंगते दिखे वाहन, कैंची धाम में भी नए साल में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नैनीताल।** नए साल के पहले दिन कैंची में अप्रत्याशित रूप से लंबा जाम लग गया। प्रशासन को जितनी उम्मीद थी उससे कई गुना ज्यादा लोगों के यहां पहुंचने के चलते न केवल कैंची क्षेत्र में बल्कि भवाली के आसपास भीमताल रोड निगलात, सेनेटोरियम में लंबा जाम लग गया।

नए साल के मौके पर कैंची धाम में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। बाबा का आशीर्वाद लेने पर्यटक पहुंच रहे है। बताया जा रहा है कि आमतौर पर 15 जून के आसपास इतनी ज्यादा भीड़ देखी जाती है।

नए साल का नैनीताल समेत तमाम पर्यटक स्थलों में जश्न मनाया जा रहा है। सैलानी भी बुधवार को नीब करौरी बाबा के दर्शन के लिए कैंची की तरफ चल पड़े। इससे पूरे भवाली शहर में चारों ओर से जाम लग गया।

वहीं, इतने लोगों के पहुंचने का पुलिस को अंदाजा नहीं था, पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारी नहीं की गई थी, इसके चलते ट्रैफिक हर जगह अस्तव्यस्त हो गया और हर तरफ जाम की स्थिति बन गई। इससे स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों को भी परेशानी झेलनी पड़ी।